नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020



# जोहार छत्तीसगढ़




दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 347 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, शुक्रवार 14 अक्टूबर 2023



पेज -4 पर — कलेक्टर एवं एसपी ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

मोटर साइकिल एचएफडीलक्स माइलेज टेस्ट कैंप का आयोजन — पेज -8 पर



## श्री-श्री सिद्ध शक्ति पीठ मां भगवती अंबेटिकरा मंदिर धरमजयगढ़

**शारदीय नवरात्र 2023 (15 अक्टूबर से 24 अक्टूबर 2023 तक)**



मनोकामना ज्योति कलश



651/- रुपये

कन्या छूट - 100/- रूपए

**मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जावलित करने के लिए संपर्क करें :-**

**धरमजयगढ़ -:** मामू पान दुकान राजमहल गेट के पास 9977963676, शारदा फैंसी क्लाथ स्टोर बस स्टैण्ड 9424181141, हरिचरण अग्रवाल नीचेपारा 7415213137,अजय सायकल बस स्टैण्ड 9977082840, आनंद वस्त्रालय बस स्टैण्ड 9977531361, पंजाब आटो बस स्टैण्ड 9424181140, जयेश मेडिकल थाना के पास 982687777, गुड़िया होटल गांधी चौंक 7415559910, गोयल क्लाथ स्टोर बस स्टैण्ड 9303807845, सांई मंगलम बस स्टैण्ड 9406348000, गोल्डी मोबाइल्स ग्राऊंड काम्पलेक्स 9981746848,मधुबन इलेक्ट्रीकल-9827442299, जयजयराम तराईमार-9302283427, बंजारी आटोमोबाइल्स ग्राऊंड काम्पलेक्स 975438030, जिन्दल हार्डवेयर 9424181490, आशीर्वाद कलेक्सन पोस्ट ऑफिस के पास 8719994424, जितेन्द्र ठक्कर नीचेपारा 7415556685,आशीष विश्वास 9424181448, शिवहरी शर्मा नीचेपारा 9424181352, विजय शर्मा नीचेपारा 8982636327, माधोराम पटेल (शाहपुर) 881241652, गोविन्द साव शाहपुर 9300282757, शशि पटेल शाहपुर 8878311918, अशोक मिश्रा (शाहपुर) 8817194216, मनोज अग्रवाल 9826148026, ठंडा राम चौधरी वन मंडल 9907393129, जगदीश सरकार 7413213153, वीरेन्द्र शर्मा 8839524189, पवन अग्रवाल गेरसा 8815256691, किशोर बेहरा नवागांव 7987415660, राधेश्याम त्रिपाठी 8817241652, श्याम मेडिकल 8839663600, पुरूषोत्तम अग्रवाल जय स्तंभ चौंक 7999784287, दिकेश्वर राठिया कुदमुरा 8889583311, जयनारायण राठिया सिथरा 6261463670, दिनेश राठिया सरपंच लक्ष्मीपुर 7828085380, जानकी प्रसाद डनसेना जमरगी डी 9753320018, पुरूषोत्तम राठिया अमृतपुर 8305301737, शिवकुमार राठिया बायसी 6267434458, उत्तरा पटेल पुरूंगा 6265998353, किशोर राठिया रूपूंगा 6260994311, सुनिता ध्रुव जेलपारा, योगेश गोपाल (गोपाल बाबू) 9993318928, **बाकारुमा**-टीमन बारिक 7987884554, **महाराजगंज**- श्री खगेश्वर राठिया 934308162, **पत्थलगांव -:** अनिल अग्रवाल पेट्रोल पंप 9425573959, सुशील हार्डवेयर 9993149510, **रायगढ़ -:** पुरूषोत्तम अग्रवाल (संजीवनी हास्पिटल) 9425251365, रविशंकर तिवारी (जिला न्यायालय) 9300974856, **घरघोड़ा -:** गंगाराम पैंकरा (वन विभाग) 9406220044, रितेश शर्मा जय स्तंभ चौक 7898793111, राधेश्याम राठिय छर्राटांगर 7610732424 **कोरबा -:** मनोज मित्तल (वेदांशा इंटरप्राइजेस) 9907511110, **खड़गांव -:** राजेन्द्र अग्रवाल 9826961495, **हाटी -:** गोकुल पान सेन्टर 9988176184, अरुण अग्रवाल (अग्रवाल कम्प्यूटर) 9993849678, रवि पटेल 7999315321 **कुड़ेकेला -:** विजय अग्रवाल (चौधरी) 9981375222, **छाल -:** एम.एस.ठाकुर 9926194495, रामकृष्ण तिवारी 9425537111 **खरसिया -:** नारायण प्रसाद चक्रधारी 9826183759, युगल वैष्ण अधिवक्ता 7000015881, नटवर अग्रवाल **तपकरा-:** प्रिति आटोमोबाइल्स 9424185996, **लैलूंगा-:** कुंजराम पैंकरा 8827771848, कृष अग्रवाल 9301185400, **कुडूमकेला-:** शिव सिंह सीएमपीडीआई 9098165311, **खम्हार-:** पिन्टू अग्रवाल अजय किराना 9098893900, **लुड़ेग-:** प्रेमसागर काडरो 9111469953, प्रेमसागर 930338981 **कोतबा-:** सुखसागर अग्रवाल (एलआईसी) 9424182919 **सीतापुर:-** निरंजन मिश्रा 7000494560, कार्तिक मानिकपुरी 9406022606

**मनोकामना ज्योत का प्रसाद जहां से रसीद प्राप्त किए हैं वहीं से प्राप्त करें।**


## एक नजर

### नवीन कुमार पटेल को मिली योग में पी एच डी की उपाधि



**रायपुर।** बड़े ही गौरव का पल और क्षण है की श्री नवीन कुमार पटेल जी , ग्राम कोरासी, जिला रायपुर ने श्री रावत पूरा सरकार विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षांत समारोह के अवसर पर पी-एच.डी. की मानद उपाधि प्राप्त की। जिसका शोध का विषय समकालीन कतिपय योगाचार्य की जीवन में योग साधना का प्रभाव एक- विवेचनात्मक अध्ययन रहा है जिसके निर्देशक डॉ.कप्तान सिंह जी है । श्री नवीन कुमार पटेल जी पिता- श्रीमान नंदकुमार पटेल माता- राधिका पटेल, धर्मपत्नी नव किरण पटेल, गत 10 वर्षों से रायपुर में अध्ययन और अध्यापन का कार्य कर रहे है। रायपुर के पटेल छात्रावास में रहकर उन्होंने अपनी स्नातकोत्तर उपाधि श्री रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से योग विषय में पूरी की। इंदिरा गांधी कृषि विश्व विद्यालय में योग अनुदेशक के रूप में भी कार्य किए है।

# लाखों करोड़ों का लकड़ी हो रहा गायब वन विभाग चुपचाप देख रहा तमाशा

## मामला भारत माला परियोजना में कांटे गये पेड़ का

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

धरमजयगढ़ से गुजरने वाली भारतमाला परियोजना में अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा खुलकर गोलमाल किया जा रहा है। हम आपको बता दे कि इस परियोजना में सैकड़ों वृक्ष कांटे जायेंगे, वर्तमान में भारतमाला परियोजना के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा भू-अर्जन के तहत नीजि भूमि के वृक्ष कटाई का काम किया गया है।



सिसरिंगा से तेजपुर के आसपास भारत माला परियोजना के तहत सैकड़ों बड़े-बड़े कई प्रजाति के वृक्षों को कांटा गया है। परियोजना के अधिकारियों द्वारा वृक्ष को कांटकर वहीं भगवान भरोसे छोड़ दिया गया है। कांट कर वहीं छोड़ देने से लाखों करोड़ों की लकड़ी गायब होने लगे हैं। मजेदार बात है कि वन विभाग को कांटे गये लकड़ी को अपने डिपो में रखना था लेकिन वन विभाग ऐसा न करके शासन को लाखों करोड़ों का नुकसान करने में तुला हुआ है। हम आपको बता दे कि धरमजयगढ़ में ऐसा मामला सिर्फ भारतमाला परियोजना में ही नहीं है, धरमजयगढ़ में जितने भी परियोजना संचालित हो रहे हैं उसमें अधिकत्तर परियोजना में ऐसा ही किया जा रहा है या फिर किया गया है। धरमजयगढ़ वन विभाग को ऐसे भ्रष्टाचार करने वालों से कोई लेना देना नहीं है, अब सवाल उठता है कि अखिर क्या कारण है कि वन विभाग के उच्च अधिकारी होने के बाद भी भ्रष्टाचार करने वालों को खुली छूट दिया जा रहा है? वन विभाग क्षेत्र में काम करने के लिए विभाग से अनुमति की भी जरूत नहीं पड़ती है? इनके द्वारा पेड़ों की नंबरिंग तो किया जाता है लेकिन इनको ये पता नहीं चलता है कि परियोजना कब शुरू हुआ और नंबरिंग किये गये पेड़ कहां चले गये, अब आप सोच सकते हैं कि ऐसे कैसे में होता है क्या अधिकारी-कर्मचारियों के मिलीभगत के बिना ऐसा हो सकता है?



### क्या धरमजयगढ़ में हर परियोजना के लिए अलग-अलग नियम?

*एडीबी परियोजना के तहत निर्माण हो रहे धरमजयगढ़ कापू मार्ग में आ रहे राजस्व एवं नीजि भूमि में लगे वृक्षों को कांटने के लिए धरमजयगढ़ अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा दिनांक 26 अप्रैल 2022 को दिये गये अनुमत्ति में साफ उल्लेख किया गया है कि उपरोक्त वृक्षों को राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति में वन विभाग द्वारा काटा जायेगा। वृक्षों को कांटे जाने के पश्चायत लकड़ियां वन विभाग के डिपो में रखा जायेगा तथा वन विभाग द्वारा नियमानुसार उक्त लकड़ियों का निलाम कर नियमानुसार राशि आवेदक को प्रदाय किया जावेगा। अब सवाल उठता है कि क्या एडीबी और भारतमाला परियोजना के लिए सरकार द्वारा अलग-अलग नियम लागू किया है? भारतमाला परियोजना के तहत कांटे गये वृक्षों को लावरिस की तरह वहीं फेंक दिया गया है। मजेदार बात है कि शासन का नियम है कि प्रत्येक वृक्ष जो परियोजना में कांटे जाना है उन वृक्षों का गिनती कर प्रत्येक वृक्ष 150 रूपये ग्राम पंचायत को देना होता है लेकिन भारत माला परियोजना के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा इस नियम का भी पालन नहीं किया गया है, ग्राम पंचायत को कोई राशि नहीं दिया गया है, और तो और ग्राम पंचायत को वृक्ष कांटने की कोई सूचना तक नहीं दिया है। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि अनियमितता करने वाले भारतमाला परियोजना के अधिकारी-कर्मचारियों पर कार्यवाही करेंगा कौन? यह तो समय ही बतायेगा इनके उपर कार्यवाही होता है या फिर ऐसा करने का खुली छूट जारी रहेगा।*

शराब घोटाला

## अनवर, पप्पू और नितेश के खिलाफ वारंट जारी



**रायपुर।** करोड़ों के शराब घोटाले मामले के आरोपित अनवर ढेबर,पप्पू ढिल्लन और नितेश पुरोहित के खिलाफ विशेष कोर्ट ने शुक्रवार को गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया।कोर्ट के इस फैसले से अब तीनों आरोपितों की फिर से गिरफ्तार कर जेल भेजा जायेगा।

दरअसल पिछले दिनों अनवर ढेबर, नितेश पुरोहित, पप्पू ढिल्लन और पूर्व आबकारी अधिकारी अरुणपति त्रिपाठी की अंतरिम और नियमित जमानत हाईकोर्ट ने खारिज कर दी थी। इसके बाद कोर्ट ने वारंट जारी किया था।

इस वारंट को लेकर आरोपितों की ओर से उनके अधिवक्ताओं ने कोर्ट में आवेदन पेशकर कहा था कि स्वास्थ्य बिगड़ने की वजह से वे उपस्थित नहीं हो सकते। शुक्रवार को विशेष न्यायाधीश अजय सिंह राजपूत ने इसकी सुनवाई करते हुए देर शाम को अनवर ढेबर,पप्पू ढिल्लन और नितेश पुरोहित के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने का आदेश सुनाया।

कांग्रेस के अब तक उम्मीदवारों के नाम तय नहीं कर पाने पर भाजपा का तंज

## अरुण साव ने कहा- तैयार हो जाओ भाई, डरो मत!

**रायपुर।** विधानसभा चुनाव के लिए अभी तक उम्मीदवारों के नाम तय नहीं कर पाने पर भाजपा ने कांग्रेस पर तंज कसा है. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने ङ्क पर लिखा है कि आज से पहले चरण के चुनाव की नामांकन प्रक्रिया आरंभ हो रही है..! उधर POGO-CANDY CRUSH वालों को अब तक खिलाड़ी नहीं मिल पाए चुनावी मैदान के लिए..! तैयार हो जाओ भाई, डरो मत! बता दें कि छत्तीसगढ़ विधानसभा की 20 सीटों पर होने वाले पहले चरण के चुनाव के लिए आज से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो रही है. इन 20 सीटों में बस्तर संभाग और राजनांदगांव के कवर्धा जिले की सीटें शामिल हैं. ये प्रक्रिया एक सप्ताह तक चलेगी. नामांकन



दाखिल करने की आखिरी तारीख 20 अक्टूबर निर्धारित है. कांग्रेस प्रत्याशियों के चयन के लिए दिल्ली में कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक चल रही है. मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गुरुवार को दिल्ली रवाना होने से पहले मीडिया से चर्चा में स्पष्ट किया था कि कांग्रेस की पहली सूची 15 अक्टूबर को जारी होगी. वहीं भाजपा ने पांच सीटों को छोड़कर तमाम सीटों के लिए अपने प्रत्याशियों की सूची जारी कर चुकी है.

## भूपेश बघेल को गेमिंग एप से प्यार क्यों, युवाओं का आपने क्या भविष्य बनाया-रविशंकर प्रसाद

**रायपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने रायपुर के भाजपा एकात्म परिसर में प्रेसवार्ता कर कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा. उन्होंने कहा, 2003 में पहली बार परिचय हुआ था. बाद में यहां का प्रभारी भी था. देश में घूमने का अवसर मिलता है.रायपुर के ग्रामीण क्षेत्र को लेकर बैठक करूंगा. भूपेश बघेल को देखकर मुझे अजीत जोगी की याद आती है। उन्होंने कहा, भूपेश बघेल अब गोबर पर भी तस्करी कर रहे. कैंडी क्रश को लेकर केंद्रीय मंत्री ने कहा, भूपेश बघेल आपको गेमिंग एप से प्यार क्यों है. यह सवाल मैं जरूर उठाऊंगा. मुझे महादेव एप की कहानी बताई. भिलाई का एक जवान 200 करोड़ खर्चा कर रहा है. दुबई में सिनेमा के स्टार सहित सबको पेमेंट किया है. एक भक्त भूपेश बघेल के करीबी हैं, जिसमे




उनके खिलाफ भी कार्यवाही की गई है. एक बात समझ आई कि भूपेश बघेल को गेमिंग एप से बहुत प्यार है. युवाओं का आपने क्या भविष्य बनाया है. यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है. रविशंकर प्रसाद ने कहा, 2003 में चुनाव था. क्या जलवा था. मैं मंत्री था जूनियर था. सारी जनता हमारे साथ है. आप लोग कहा से आ गए हैं. मीडिया भी उनके खिलाफ लिखने में था. एक हफ्ता मैं प्रचार में यहां था. अजीत जोगी अपनी पार्टी में दिल्ली को फिट रखते थे. मेरा और एक परिचय है, मैं पेसे से वकील हूं. पहले पटना हाई कोर्ट में वकालत करता था. चारा घोटाले में लालू जी को सजा हो चुकी है आगे और हो सकती है. पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर ने कहा, कोयला घोटाले में जब मैं गया, तब पता चला दो-दो कलेक्टर जेल में हैं. अधिकारी जेल में हैं.छत्तीसगढ़ कोयले की खान है. जान बूझ कर इसको ओल्सन करने की योजना बनाई गई है. छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार बहुत पारदर्शी है. पावन खेड़ा को लेकर रविशंकर ने कहा, ये आपके लिए नोट कमाने की मशीन है. किसी को बेल नहीं हुआ है.ये बहुत बड़ी बात है. चाहे कोयला घोटाला या शराब घोटाला .?

IAS-IPS अफसरों का ट्रांसफर

## अवनीश शरण बिलासपुर और कार्तिकेय गोयल होंगे रायगढ़ के नए कलेक्टर

रायपुर। छत्तीसगढ़ के सामान्य प्रशासन विभाग ने एक आदेश जारी किया है। अब नए आदेश के मुताबिक अवनीश शरण को बिलासपुर, कार्तिकेय गोयल को रायगढ़ का कलेक्टर बनाया गया है।



छत्तीसगढ़ शासन,
गृह (पुलिस) विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर

//आ दे श//

रायपुर, दिनांक 13.10.2023

क्रमांक एफ-1-03/2023/दो-गृह/भापुसे राज्य शासन एतद्द्वारा प्रशासनिक आधार पर तत्काल प्रभाव से निम्नांकित भारतीय पुलिस सेवा/राज्य पुलिस सेवा अधिकारियों को उनके नाम के सम्मुख कालम-4 में दर्शित पद पर अस्थाई रूप से आगामी आदेश पर्यन्त तक पदस्थ करता है :-

| क्र. | अधिकारी का नाम | वर्तमान पदस्थापना | नवीन पदस्थापना |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | श्री राम गोपाल गर्ग भापुसे-2007 | उप पुलिस महानिरीक्षक (जिला-रायगढ़, सक्ती, जशपुर) | पुलिस अधीक्षक जिला-दुर्ग |
| 2. | श्री जितेन्द्र शुक्ला भापुसे-2013 | सेनानी 16वीं वाहिनी छसबल, नारायणपुर | पुलिस अधीक्षक जिला- कोरबा |
| 3. | श्री मोहित गर्ग भापुसे-2013 | सेनानी 19वीं वाहिनी छसबल जगदलपुर | पुलिस अधीक्षक जिला-राजनांदगांव |
| 4. | श्रीमती अर्चना झा डीडी-2007 | अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आई.यू.सी.ए.डब्ल्यू. जिला- जांजगीर-चांपा | अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला-बिलासपुर |
| 5. | श्री अभिषेक कुमार झा डीडी-2013 | अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कार्या0 पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज, राजनांदगांव | अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला- दुर्ग |

2/ उक्त अधिकारीगण तत्काल कार्यमुक्त होकर नवीन पदस्थापना स्थल पर आज ही कार्यभार ग्रहण करेंगे ।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार
13/10/23
(मनोज कुमार श्रीवास्तव)
अवर सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
गृह (पुलिस) विभाग



आदेश में इफ्फत आरा को खाद्य नागरिग आपूर्ति विभाग के संयुक्त सचिव का अति रिक्त प्रभार दिया गया है। साथ ही छत्तीसगढ़ के 3 IPS का ट्रांसफर हुआ है। इन्हें तीन जिलों में पुलिस कप्तान के पद पर जिम्मेदारी सौंपी गयी है। जिम रामगोपाल गर्ग को दुर्ग, जितेंद्र शुक्ला को कोरबा, तो वही मोहित गर्ग को राजनांदगांव जिले का एसपी बनाया गया है।इसके अलावा बिलासपुर में अर्चना झा और दुर्ग में अभिषेक कुमार झा को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ASP) बनाया गया है।

*जहां विधायक नहीं, वहां पहले तय हो सकते हैं प्रत्याशी, 10-15 नए चेहरे भी संभावित*

## कांग्रेस की पहली सूची में हो सकते हैं 45 नाम

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस प्रत्याशियों की सूची का सभी को बेसब्री से इंतजार है. केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में कांग्रेस ने 20 सीटों पर अपना नाम लगभग तय कर लिया है. बता दें कि अब तक कांग्रेस पार्टी के 40 प्रत्याशियों के नाम लगभग तय हो चुके हैं. बताया जा रहा कि पहले चरण के 20 सीटों के बाद दूसरे चरण के सीटों पर प्रत्याशी तय किए. दूसरे चरण के 70 में से 20 सीटों पर नाम फाइनल कर लिए हैं. पाटन से भूपेश बघेल, अंबिकापुर से टीएस सिंहदेव, सक्ती से डॉ. चरणदास महंत, दुर्ग ग्रामीण या बेमेतरा से ताम्रध्वज साहू, साजा से रविन्द्र चौबे, आरंग से डॉ. शिवकुमार डहरिया का नाम लगभग तय है.

**ये हैं संभावित प्रत्याशियों के नाम**- पाटन से भूपेश बघेल अंबिकापुर से टीएस सिंहदेव सक्ती से डॉ. चरणदास महंत दुर्ग ग्रामीण या बेमेतरा से ताम्रध्वज साहू साजा से रविन्द्र चौबे आरंग से डॉ. शिवकुमार डहरिया डौंडीलोहारा से अनिला भेंड़िया




सीतापुर से अमरजीत भगत कोरबा से जय सिंह अग्रवाल

खरसिया से उमेश पटेल अहिवारा या नवागढ़ से गुरु रूद्रकुमार राजिम से अमितेश शुक्ल दुर्ग शहर से अरुण वोरा रायपुर पश्चिम से विकास उपाध्याय रायपुर ग्रामीण से पंकज शर्मा बिलासपुर से शैलेष पाण्डेय भरतपुर सोनहत से गुलाब कमरो धरसींवा से अनिता योगेंद्र शर्मा कटघोरा से पुरुषोत्तम कंवर जांजगीर से मोतीलाल देवांगन या महंत रामसुंदर दास मोहम्मद अकबर, कवर्धा, कवासी लखमा, कोंटा, मोहन मरकाम ,कोंडागांव दीपक बैज, चित्रकोट संतराम नेताम, केशकाल देवती कर्मा, दंतेवाड़ा छन्नी साहू , खुज्जी, दलेश्वर साहू , डोंगरगांव वीरेंद्र मसिया / तेज कुंवर नेताम, मोहला मानपुर सावित्री मांडवी, भानुप्रतापपुर खैरागढ़ से गिरवर जंघेल / यशोदा वर्मा डोंगरगढ़ से थानेश्वर पटेल या भुवनेश्वर बघेल बस्तर से लखेश्वर बघेल जगदलपुर से राजीव शर्मा अंतागढ़ से रूप सिंह पोटाई कांकेर से शंकर धुर्वा पंडरिया से नीलू चंद्रवंशी / अर्जुन तिवारी बीजापुर से विक्रम मंडावी नारायनपुर से रजनू नेताम / चंदन कश्यप राजनांदगांव से हेमा देशमुख / जितेंद्र मुदलियार।

# मुद्दाः ओबीसी कार्ड का लाभ किसे, पांच राज्यों में होने वाले चुनाव क्या बदलेंगे सियासत की दिशा

राहुल गांधी के पास क्या गेम चेंजिंग आइडिया आ गया है? भले ही इंडिया गठबंधन के सभी दल जातीय जनगणना के पक्ष में न हों, पर राहुल गांधी इसे मुख्य चुनावी मुद्दा बता रहे हैं। कांग्रेस शासित राज्यों में जातिगत जनगणना की गारंटी दी जा रही है। यहां तक कि महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री ने भी अपने अधिकारियों को बिहार के अधिकारियों से जातिगत जनगणना की प्रक्रिया की जानकारी लेने को कहा है।

असम के मुख्यमंत्री सामाजिक-आर्थिक जातिगत जनगणना कराने की घोषणा कर चुके हैं। ओडिशा में नवीन पटनायक जातिगत सर्वे करवा चुके हैं और पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट का इंतजार है। कर्नाटक में मुख्यमंत्री के पास ओबीसी सर्वे की रिपोर्ट तैयार पड़ी है, जिसे उचित समय में सार्वजनिक करने की बात की जा रही है। आचार संहिता लागू होने से पहले राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जातीय सर्वे की घोषणा तो कर ही चुके हैं, राहुल गांधी की मौजूदगी में ओबीसी का आरक्षण 21 फीसदी से बढ़ाकर 26 करने का एलान भी कर चुके हैं।

अब नीतीश कुमार सरकार की अगली रिपोर्ट का इंतजार हो रहा है। उसमें पता चलेगा कि किस जाति के कितने लोग सरकारी नौकरी में हैं, किस पद पर हैं, निजी क्षेत्र में किस जाति के कितने लोग हैं, कितनों के पास कार-मोटरसाइकिल या साइकिल है और कितनों के पास कितनी जमीन है। इससे यह भी पता चलेगा कि सुशासन बाबू के राज में सामाजिक न्याय की दिशा में कितना काम हुआ, महादलितों, महापिछड़ों और पसमांदा मुस्लिमों की आर्थिक हालत कैसी है? नीतीश कुमार इसे समझ रहे हैं, तभी तो कह रहे हैं कि सर्वे कराने का मकसद राजनीति करना नहीं, बल्कि ओबीसी की वास्तविक संख्या का पता लगाकर उसके हिसाब से विकास की योजनाएं बनाना है।

राहुल गांधी भी कर रहे हैं। वह समझ रहे हैं कि ओबीसी जनगणना को युवा ओबीसी को मिले रोजगार के मौकों और शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण से जोड़ना है। पढ़ाई और नौकरी युवा ओबीसी को लंबे समय तक इंडिया से जोड़े रख सकती है। कांग्रेस समझ रही है कि उसे सत्ता में आना है, तो अपने वोट बैंक में भारी-भरकम इजाफा करना है। ऐसा वोट बैंक महापिछड़े ही हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को सिर्फ 15 फीसदी ओबीसी वोट, जबकि भाजपा को 44 फीसदी ओबीसी वोट मिला था। यहां तक कि सामाजिक न्याय की राजनीति करने वाले दलों के हिस्से में भी 41 फीसदी ओबीसी वोट ही आया था। जबकि 1996 में भाजपा को 21 फीसदी, सामाजिक न्याय वाले दलों को 54 फीसदी और कांग्रेस को 24 फीसदी ओबीसी वोट मिला था। ये आंकड़े ही बता देते हैं कि क्यों राहुल गांधी से लेकर अखिलेश यादव, लालू प्रसाद और नीतीश कुमार को ओबीसी वोट बैंक में सेंध लगाने की जरूरत है। इस हिसाब से आगामी दिसंबर से देश में सियासत करने का तरीका बदलने वाला है।



अगर कांग्रेस ने छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और तेलंगाना में जीत हासिल की, तो ऐसा नरैटिव स्थापित किया जाएगा, जैसे यह ओबीसी वोट की गोलबंदी से हुआ है। वैसी स्थिति में जातीय सर्वे की घोषणा कर दी जाएगी। आगामी जनवरी में जब भाजपा अयोध्या में राम मंदिर का भव्य उद्घाटन समारोह करवा रही होगी, तब इंडिया के भीतर से ओबीसी सर्वे की मांग उठ रही होगी। बिहार का सर्वे सामने आया, तो प्रधानमंत्री मोदी ने इसे विपक्ष का पाप बताया। मोदी ने अगले दिन गरीब को सबसे बड़ी जाति बताया, तो कांग्रेस पर मुसलमानों का हक छीनने का अजीब-ओ-गरीब आरोप जड़ दिया। इससे पता चलता है कि भाजपा इस मुद्दे पर फिलहाल चौराहे पर खड़ी है। एक रास्ता रोहिणी कमीशन की ओबीसी कोटे को चार श्रेणियों में बांटने की सिफारिश की तरफ जाता है। पर इसके अपने राजनीतिक जोखिम हैं।

भाजपा को सवर्णों का भी ध्यान रखना है, जो उसका कोर वोट बैंक है। संघ ने वर्षों की मेहनत के बाद ओबीसी को भाजपा के पक्ष में लाने में सफलता पाई है। दलितों में महादलित और पिछड़ों में महापिछड़ों को लेकर भाजपा नए सिरे से गोलबंदी करने की सोच रही है। अगर ऐसा हुआ, तो देश में नए सिरे से जातीय गोलबंदी होगी और इस सोशल इंजीनियरिंग की गंगा में कौन बचेगा, कौन बह जाएगा, अंदाजा लगाना मुश्किल है।

## संपादकीय

### जिनके लगे हैं बड़े दांव

निर्वाचन आयोग ने महीने भर से भी ज्यादा चलने वाले चुनाव कार्यक्रम का एलान कर दिया है। इस दौरान पार्टियों की संसाधन जुटाने की क्षमता और उनकी आंतरिक शक्ति की भी परीक्षा होगी। कांग्रेस के लिए चुनौतियां ज्यादा हैं। पांच राज्यों की विधानसभाओं के लिए नवंबर में होने वाले चुनाव में सबसे कड़े इम्तिहान से कांग्रेस को गुजरना होगा। यह अकेली पार्टी है, जिसका चार राज्यों में बड़ा दांव लगा होगा। वैसे तो बड़ा दांव भाजपा का भी है, लेकिन तेलंगाना में अगर वह बहुत बेहतर नतीजे नहीं लाती है, तब भी इसे उसकी राष्ट्रीय आम चुनाव की संभावनाओं से जोड़ कर नहीं देखा जाएगा। जबकि कांग्रेस की परीक्षा राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ के साथ-साथ तेलंगाना में भी है, जहां उसका मुख्य मुकाबला भारत राष्ट्र कांग्रेस (बीआरएस) से होने की संभावना है। बाकी तीन राज्यों में भाजपा और कांग्रेस आमने-सामने होंगी। मिजोरम में ये दोनों पार्टियां अपने गठबंधन सहयोगियों के भरोसे मैदान में उतरेंगी। अगर पिछले विधानसभा चुनाव को आधार मानें, तो तेलंगाना में बीआरएस की बढ़त लगभग 20 प्रतिशत वोटों की है। आम तौर पर पांच साल के अंतर पर इतनी बड़ी खाई को पार कर पाना संभव नहीं होता है। ऐसे में कांग्रेस के लिए बेहतर उम्मीद यही होगी कि वह अपने लगभग 28 प्रतिशत के वोट आधार और पिछली बार मिली सीटों में बड़ा सुधार करके दिखाए। उधर छत्तीसगढ़ में भाजपा के सामने चुनौती दस प्रतिशत वोटों के अंतर को पाटने की है।

# कुप्रथाः बाल विवाह के विरुद्ध जरूरी है जमीनी स्तर पर अभियान

भारत में 27 फीसदी लड़कियों का विवाह उनकी किशोरावस्था में ही हो रहा है, इस तथ्य का खुलासा विधि आयोग ने यौन संबंध बनाने हेतु सहमति की आयु कम करने के लिए हाल में ही केंद्र सरकार को भेजी गई अपनी रिपोर्ट में किया। रिपोर्ट में यह भी उल्लेखित किया गया कि बाल विवाह की जद में आ रही 6.8 फीसदी लड़कियां 15 से 19 वर्ष की आयु में मां बन जाती हैं। बाल विवाह से संबंधित आंकड़े बताते हैं कि दुनिया भर में होने वाले हर तीसरे बाल विवाह में से एक भारत में हो रहा है। एक ओर जहां देश आज भी बाल विवाह से जूझ रहा है, वहीं सहमति से यौन संबंध बनाने की आयु कम करने की मांग चल रही है, बिना इस वास्तविकता को जाने कि यदि ऐसा होता है, तो इसके परिणाम कितने घातक होंगे?

अपरिपक्व अवस्था में भावनाओं का आवेग और यौन संबंध स्थापित करना गर्भावस्था के खतरे को बढ़ा देगी, जो कि किशोर लड़कियों के भविष्य को अंधकार में धकेल देगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन की जून, 2023 की रिपोर्ट बताती है कि किशोर माताओं (आयु 10-19) में 20-24 वर्ष की आयु में मां बनने वाली महिलाओं की तुलना में एक्लेम्पसिया (प्रसवाक्षेप) की आशंका अधिक होती है। यह वह स्थिति है, जब गर्भवती महिला को उच्च रक्तचाप होने के कारण दौरे पड़ने लगते हैं। वैश्विक स्तर पर करीब 14 फीसदी गर्भवती महिलाओं की मृत्यु प्रसवाक्षेप के कारण होती है। वहीं किशोर माताओं को प्रसवोत्तर संक्रमण का जोखिम भी अधिक होता है। किशोरावस्था में मां बनाना सिर्फ लड़कियों की जान जोखिम में नहीं डालता, उनके बच्चों के जीवन को भी खतरा होता है।



**किशोरावस्था में मां बनना लड़कियों के लिए जानलेवा सिद्ध होता है। ऐसे में, बाल विवाह रोकना और इसके प्रति लोगों में जागरूकता समय की मांग है।**

द लैंसेट में प्रकाशित 'मैटरनल मोर्टालिटी इन एडोलसेंट कंपेयर्ड विद वूमेन ऑफ अदर एजेस = एविडेंस फ्रॉम 144 कंट्रीज' शोध बताता है कि किशोर माताओं को उच्च स्वास्थ्य जोखिम का सामना तो करना ही पड़ता है, उतना ही जोखिम उनके नवजात बच्चे को भी होता है। यह स्पष्ट है कि किशोरावस्था में विवाह मातृत्व की संभावना को कई गुना बढ़ा देता है, क्योंकि बाल विवाह में बंधी लड़कियां सामाजिक, आर्थिक तथा पारिवारिक स्तर पर इतनी सबल नहीं होतीं कि वे गर्भावस्था के संबंध में कोई निर्णय ले सकें। 'यूनाइटेड नेशंस पॉपुलेशन फंड' का अध्ययन बताता है कि विकासशील देशों में हर साल 70 हजार किशोरियां गर्भावस्था के समय उपजी जटिलताओं तथा प्रसवोत्तर जोखिम के कारण अपनी जान गंवा देती हैं।

बाल विवाह का आघात सिर्फ शरीर पर नहीं होता, बल्कि यह मानसिक स्वास्थ्य को भी पूरी तरह प्रभावित करता है। किशोर माताओं को भारी मात्रा में तनाव का सामना करना पड़ता है, जो कई बार अवसाद का रूप ले लेता है। बाल विवाह शारीरिक, मानसिक और आर्थिक सभी स्तरों पर किशोर लड़कियों को कमजोर कर रहा है और वे जीवन के उन अधिकारों से वंचित रह जा रही हैं, जो कि उनका मौलिक अधिकार है। विकास की द्रुत गति में साथ खड़े होने की क्षमताएं प्रदान करने वाली 'शिक्षा' से भी वे वंचित हो रही हैं।

द सोशल ऐंड एजुकेशनल कंसीक्वेंस ऑफ एडोलेसेंट चाइल्ड बेयरिंग, 2022 की विश्व बैंक की रिपोर्ट बताती है कि किशोर माताएं अपने बच्चों की देखभाल तथा पारिवारिक दायित्व के चलते स्कूल तक नहीं जा पा रही हैं, जो कि उनकी आर्थिक आत्मनिर्भरता की सबसे बड़ी बाधा बनकर उभर रही है। विभिन्न शोध बताते हैं कि अशिक्षितों के निर्धनता के चक्र में फंसे रहने की अधिक आशंका होती है। इन तमाम शोधों और उनके परिणामों से यह स्पष्ट है कि बाल विवाह आधुनिकता का दावा करने वाले समाज को कठघरे में खड़ा कर रहा है। ऐसे में, उन कारणों को जानना और समझना बेहद जरूरी है, जो बाल विवाह का अस्तित्व बनाए हुए हैं।

## मिला जुला

# 'आतंकवाद मानवता का सबसे बड़ा दुश्मन'

## पीएम मोदी बोले- इससे सख्ती से निपटना होगा




**राष्ट्रीय** राजधानी दिल्ली के द्वारका में नवनिर्मित यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में आयोजित पी20 शिखर सम्मेलन का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उद्घाटन किया. इस दौरान पीएम मोदी जी20 के सदस्यीय देशों के सभापतियों को भी संबोधित किया. उन्होंने कहा कि संसद बहस और विचार-विमर्श के लिए एक महत्वपूर्ण स्थान है.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज यशोभूमि अधिवेशन केंद्र में जी20 के सदस्य देशों के संसदों के पीठासीन सभापतियों के नौवें सम्मेलन को संबोधित कर रहे हैं.

पीएमओ के कार्यालय के मुताबिक भारत की जी20 की अध्यक्षता की व्यापक रूपरेखा के तहत संसद द्वारा सम्मेलन की मेजबानी की जा रही है. पी20 के नौवें सम्मेलन की थीम 'एक पृथ्वी, एक कुटुंब, एक भविष्य के लिए संसद' है.

- पी20 समिट में आतंकवाद पर करारा प्रहार करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आतंकवाद से निपटने के लिए साथ काम करने की जरूरत है. युद्ध से किसी का भला नहीं हो सकता है. दुनिया संकटों से जूझ रही है. ये सबके कल्याण का समय है. आतंकवाद मानवता के लिए खतरा है. आतंकवाद से सख्ती से ही निपटना होगा. आतंकवाद की एक परिभाषा पर सहमत न होना बेहद दुखद है. आतंकवाद दुनिया के लिए बड़ी चुनौती है.
- दिल्ली में 9वें P20 शिखर सम्मेलन में पीएम मोदी ने कहा, 'संघर्षों और टकराव से भरी दुनिया किसी को फायदा नहीं पहुंचा सकती. एक विभाजित दुनिया हमारे सामने मौजूद चुनौतियों का समाधान नहीं दे सकती. यह शांति और भाईचारे का समय है, साथ मिलकर चलने का समय है, एक साथ आगे बढ़ने का समय है. यह समय सबके विकास और कल्याण का है.'
- 9वें G20 संसदीय अध्यक्षों के शिखर सम्मेलन (P20) में, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'भारत चुनावों के दौरान पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाने के लिए 25 वर्षों से अधिक समय से ईवीएम का उपयोग कर रहा है. 2024 में, आम चुनावों के दौरान, लगभग 100 करोड़ या 1 बिलियन मतदाता अपना वोट डालने जा रहे हैं. मैं सभी प्रतिनिधियों को अगले आम चुनाव देखने के लिए भारत आने के लिए आमंत्रित करता हूं.'
- दिल्ली में नौवें P20 शिखर सम्मेलन में पीएम मोदी ने कहा, 'भारत में, आम चुनावों को सबसे बड़ा त्योहार माना जाता है. आजादी के बाद से, भारत ने 17 आम चुनाव और 300 से अधिक राज्य विधानसभा चुनाव देखे हैं। भारत न केवल सबसे बड़ा चुनाव आयोजित करता है, बल्कि इसमें भागीदारी भी करता है।' लोग लगातार बढ़ रहे हैं. भारत में 2019 का आम चुनाव मानव इतिहास में सबसे बड़ा चुनाव अभ्यास था.

## पीएम नरेंद्र मोदी के गुंजी दौरे से नेपाली विपक्ष क्यों नाराज?

**पीएम** नरेंद्र मोदी गुरुवार को एक दिवसीय दौरे पर उत्तराखंड पहुंचे थे। वहां प्रधानमंत्री ने आदि कैलाश में पूजा-अर्चना की और धारचूला के गुंजी गांव पहुंचे थे। वहीं, पीएम मोदी के उत्तराखंड दौरे पर नेपाल के एक सांसद ने आपत्ति जताई है। नेपाल की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के अध्यक्ष और सांसद रबि लामिछाने ने पीएम मोदी के इस दौरे को नेपाल की संप्रभुता का उल्लंघन बताया है।

# इजरायल के नाम पर यूपी में नफरत फैलाने वालों की खैर नहीं! सीएम योगी ने दी वार्निंग

**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने राज्य के अधिकारियों को पश्चिम एशिया में चल रहे इजरायल-हमास युद्ध के बीच फिलिस्तीन के मुद्दे पर नफरत फैलाने और उन्माद फैलाने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

एक अधिकारी ने बताया कि अपने लखनऊ आवास पर उनकी अध्यक्षता में कानून-व्यवस्था की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मुद्दे पर भारत सरकार के विचारों के विपरीत कोई भी गतिविधि स्वीकार नहीं की जाएगी।



सरकारी प्रवक्ता ने कहा, मुख्यमंत्री ने आदेश दिया कि चाहे सोशल मीडिया हो या कोई धार्मिक स्थल, किसी के द्वारा भी कोई विवादित बयान जारी नहीं किया जाना चाहिए और अगर कोई ऐसा दुर्भावनापूर्ण काम करने का प्रयास करता है तो उसके खिलाफ तुरंत सख्त कार्रवाई की जाए। आदित्यनाथ ने हर जिले के पुलिस और प्रशासनिक प्रमुखों को स्थानीय धार्मिक नेताओं के साथ बातचीत करने और उन्हें यह बात बताने का भी निर्देश दिया। सीएम का यह निर्देश राज्य के अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के चार छात्रों पर परिसर में फिलिस्तीन के समर्थन में कथित तौर पर मार्च निकालने के आरोप में मामला दर्ज किए जाने के कुछ दिनों बाद आया है। राजनीतिक नेताओं ने परिसर में फिलिस्तीन समर्थक मार्च पर आपत्ति जताते हुए पुलिस से शिकायत की थी। एएमयू ने यह भी कहा कि उसने मामले की आंतरिक जांच के आदेश दिये हैं।

इस बीच इजराइल की सेना ने शुक्रवार को उत्तरी गाजा के 11 लाख लोगों को 24 घंटे के भीतर वहां से चले जाने का निर्देश दिया है। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि इस आदेश से 'विनाशकारी मानवीय परिणाम' सामने आने का खतरा है।

# 24 घंटे में खाली करो नॉर्थ गाजा पट्टी, आधी रात इजरायल ने जारी किया फरमान

**नई दिल्ली।** इजरायल-हमास युद्ध का आज सातवां दिन है। अब तक इस जंग में कुल 2800 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। इजरायल गाजा पट्टी में ताबड़तोड़ रॉकेट दाग रहा है। इस बीच, इजरायल ने उत्तरी गाजा को 24 घंटे में खाली करने का फरमान जारी किया है। इस पर संयुक्त राष्ट्र बिफर पड़ा है। संयुक्त राष्ट्र ने नॉर्थ गाजा को खाली करने के आदेश पर इजरायल के सीनियर अफसरों से स्पष्टीकरण मांगा है। मामले से परिचित सूत्रों के हवाले से ष्टहह ने लिखा है कि संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने गुरुवार रात इजरायली राजदूत गिलाद एर्दान से मामले में स्पष्टता मांगी है।



संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि इजराइल ने गुरुवार को स्थानीय समयानुसार आधी रात से ठीक पहले गाजा में संयुक्त राष्ट्र की टीम को नॉर्थ गाजा खाली करने का फरमान सुनाया है, जो लगभग 11 लाख लोगों पर लागू होता है। सूत्रों के अनुसार, यूएन महासचिव गुटेरेस ने इस फरमान के बाद इजरायली अधिकारियों को दो फोन कॉल किए और पूछा कि ये आदेश कैसे लागू किया जा सकता है। संयुक्त राष्ट्र ने इसे असंभव करार दिया है और कहा है कि इससे बड़े पैमाने पर विनाशकारी मानवीय परिणाम सामने आएंगे। आधी रात के बाद एक बयान जारी कर यूएन में इजरायल के राजदूत गिलाड एर्दान ने संयुक्त राष्ट्र की प्रतिक्रिया को शर्मनाक बताया और अंतरराष्ट्रीय संस्था पर 'इजरायल को उपदेश देने' का आरोप लगाया है। एर्दान ने सीएनएन से कहा, 'संयुक्त राष्ट्र ने कई वर्षों से गाजा पट्टी में हमास द्वारा नागरिक आबादी और नागरिक बुनियादी ढांचों का उपयोग करने उनके बीच हथियार छिपाने और उनकी हत्या करने पर आंखें मूंद रखी हैं और अब, इजरायल के साथ खड़े होने के बजाय, इजरायल को ही उपदेश दे रहा है, जबकि उसके नागरिकों पर हमास आतंकवादियों ने कोहराम मचाकर उन्हें मार डाला है। संयुक्त राष्ट्र को अब इजरायली बंधकों को हमास के चंगुल से वापस करने और हमास की निंदा करने पर ध्यान फोकस करना चाहिए।

बता दें कि इजरायल ने गाजा के साथ अपनी दक्षिणी सीमा पर 300,000 से अधिक रिजर्व सैनिक बल इकट्ठा कर लिए हैं, लेकिन उसने अभी तक इसकी पुष्टि नहीं की है कि वह कोई सैन्य अभियान की योजना बना रहा है या नहीं। इस बीच, गाजा में मानवीय संकट गहराता जा रहा है। लोगों पर भुखमरी का खतरा मंडरा रहा है क्योंकि इजराइल ने हमास के आतंकवादी हमलों के जवाब में एक तरफ बमबारी जारी रखी है,तो दूसरी तरफ गाजा को बिजली-पानी की सप्लाई रोक दी है। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, गाजा में 1,500 से अधिक लोग मारे गए हैं। संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि हवाई हमलों से 338,000 लोग विस्थापित भी हुए हैं।

## एक नजर

### अमेरिकी विदेश मंत्री ने नेतन्याहू से मुलाकात की

**कहा- मैं यहूदी हूं, इजराइल में जो हुआ उसे समझता हूं; आज रक्षा मंत्री तेल अवीव पहुंचेंगे**



तेल अवीव। इजराइल और हमास की जंग के बीच अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन गुरुवार को अचानक इजराइल की राजधानी तेल अवीव पहुंचे। ब्लिंकन ने इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से अकेले में लंबी बातचीत की। इसके बाद दोनों नेताओं ने जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें ब्लिंकन ने कहा- मैं खुद यहूदी हूं और जो कुछ हुआ है, उसको महसूस कर सकता हूं। एक बात साफ कर देना चाहता हूं कि जब तक अमेरिका है, तब तक इजराइल अपनी हिफाजत के मुद्दे पर खुद को अकेला न समझे। शुक्रवार को अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन भी तेल अवीव पहुंच रहे हैं। इस जंग में अब तक दोनों पक्षों के करीब 2,500 लोग मारे जा चुके हैं। ब्लिंकन ने कहा- ये वक्त सिर्फ इजराइल के लिए मुश्किल नहीं है, बल्कि इसका असर पूरी दुनिया पर पड़ेगा।

# अरसिया पहुंचे कृष्णकांत चंद्रा, जनताओं ने किया जोरदार स्वागत

## क्षेत्र में विकास की गंगा बहाना है, तो भाजपा को विजय बनाना है –कृष्णकांत चंद्रा

जोहार छत्तीसगढ़–सक्ती।

कृष्णकांत चंद्रा जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र भाजपा प्रत्याशी बनाए जाने के बाद पहली बार 12 अक्टूबर को ग्राम अरसिया पहुंचे, जहां सैकड़ों की संख्या में महिलाएं, पुरुषों, बुजुर्गो सहित भाजपा कार्यकर्ता सदस्यों द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया स्वागत किया।



जैजैपुर के भाजपा उम्मीदवार कृष्णकांत चंद्रा ने सभी जनता का धन्यवाद करते हुए कहां की आप सभी के आशीर्वाद और सहयोग के कारण भाजपा द्वारा ने उन्हें उम्मीदवार बनाया है। आप सभी जानते हैं कि भारतीय जनता पार्टी के नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा जनहित के लिए कितने कार्य किए है। पीएम आवास, शौचालय किसान पेंशन जैसे सैकड़ों जनहित कार्य, गरीबों व किसानों के हित के लिए कर रहे हैं, लेकिन क्षेत्र में अन्य पार्टी कांग्रेस व बसपा के विधायक होने के कारण इन सभी योजनाओं का लाभ आम जनता को नहीं मिल पा रहा है। आप सभी यदि क्षेत्र में भाजपा के विधायक बनाएंगे तो नरेंद्र मोदी डबल इंजन से कार्य कर सकेंगे तब निश्चित रूप से क्षेत्र में विकास की गंगा बहेगी। इसके लिए आप सभी को भाजपा को जिताना होगा। आप सभी जानते है कि परिवर्तन प्रकृति का नियम है। सालों से इस क्षेत्र में अन्य पार्टियों के विधायक होने कारण विकास नहीं हो पा रहा है। क्षेत्र की विकास, गरीबों, किसानों के हित के लिए क्षेत्र में भाजपा का विधायक होना बहुत जरूरी है। आगे कहा कि क्षेत्र में उन्हें अपार समर्थन मिल रहा है, उन्होंने असरिया ग्रामवासियों से भी इस बार भाजपा को जीतने का आग्रह किया।

# निर्दलीय चुनाव लड़ सकते हैं बीजेपी के पूर्व विधायक विमल चोपड़ा





**महासमुंद.** भाजपा की दूसरी सूची जारी होने के बाद पार्टी में बगावती सुर तेज हो गई है. भाजपा नेता व पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा फिर निर्दलीय चुनाव लड़ने के मूड में नजर आ रहे. डॉ. चोपड़ा ने नाराजगी जाहिर करते हुए पार्टी पर गंभीर आरोप भी लगाए हैं. उन्होंने कहा, राजनांदगांव और खैरागढ़ से रमन सिंह यानि ठाकुर परिवार से टिकट दिया गया है. नियम कायदे सिर्फ मेरे लिए ही है. मेरे साथ जातिगत मापदंड का खेल खेल खेला गया है. दरअसल जिला मुख्यालय की महत्वपूर्ण महासमुंद सीट से भाजपा से योगेश्वर राजू सिन्हा को प्रत्याशी घोषित करने के बाद डॉ. विमल चोपड़ा के निवास पर उनके समर्थक और कार्यकर्ताओं की अहम बैठक हुई. बैठक में डॉ. विमल चोपड़ा को टिकट नहीं देने पर समर्थक और कार्यकर्ताओं ने पार्टी के शीर्ष नेताओं पर जमकर भड़ास निकाली. इस बैठक से जाहिर हो रहा है कि विमल चोपड़ा निर्दलीय चुनाव लड़ सकते हैं, क्योंकि इस दौरान उन्होंने कहा कि उनसे बड़े नेता संपर्क में हैं. नाम बदलने के भी कयास उन्होंने बताए. चोपड़ा ने यह भी कहा कि जिस पार्टी में पराक्रम नहीं, परिक्रमा का सम्मान होता है, वहां से टिकट नहीं चाहिए. पार्टी के निर्णय के बाद जिले में भाजपा का एक बड़ा चेहरा और टिकट के प्रबल दावेदार माने जा रहे डॉ. विमल चोपड़ा बगावत के मूड में दिख रहे हैं. ऐसे में महासमुंद सीट पर भाजपा की मुश्किलें बढ़ सकती है. बैठक के दौरान डॉ. विमल चोपड़ा ने कहा कि बसना में डॉक्टर संपत अग्रवाल को टिकट देने के बाद जातिगत समीकरण में उनकी टिकट काट दी गई. वहीं रायपुर सहित प्रदेश के कई जगहों पर एक साथ एक ही समाज व वर्ग से जुड़े लोगों को टिकट दिया गया. चोपड़ा ने जमकर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि मैं किसी बड़े नेता की परिक्रमा नहीं करता. मेरा कोई गॉडफादर नहीं है।

इस वजह से मेरे साथ जातिगत मापदंड का खेल खेला गया है. बहरहाल उन्होंने अपने समर्थको से कहा कि हम आप की भावनाओं का कद्र करते हैं और फैसला एक दो दिन में लेकर आप लोगो को बता देंगे. चोपड़ा ने यह भी कहा कि राजनांदगांव से पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह को टिकट मिला है तो वहीं खैरागढ़ से उनके भांजे विक्रांत सिंह को टिकट दिया गया है. दोनों ठाकुर हैं. नियम कायदे सिर्फ मेरे लिए ही है.

# कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने बिलाईगढ़ के मतदान प्रशिक्षण केन्द्र का किया निरीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़–सारंगढ़ बिलाईगढ़।



जिले में आदर्श आचरण संहिता लागू होने पर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ. फ रिहा आलम सिद्दीकी ने बिलाईगढ़ के मतदान प्रशिक्षण केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता का कार्य है। इस कार्य में किसी भी प्रकार का लापरवाही और त्रुटि नहीं करना है। इसलिए सभी अधिकारी, कर्मचारी निर्वाचन संबंधी दायित्वों का निर्वहन विशेष सावधानी के साथ त्रुटिरहित ढंग से सम्पन्न करें। उन्होंने कहा कि मतदान अधिकारियों को अपने कार्य एवं दायित्वों के संबंध में किसी प्रकार की शंका होने पर उसका समाधान प्रशिक्षण के दौरान करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर बिलाईगढ़ एसडीएम डॉ. स्निग्धा तिवारी उपस्थित थी।



# विश्व आर्थराइटिस दिवस पर निःशुल्क जांच चिकित्सा परामर्श शिविर में 67 मरीज हुये लाभान्वित

**कोरबा** । 12 अक्टूबर विश्व आर्थराइटिस दिवस पर स्वस्थ भारत समृद्ध भारत अभियान के अंतर्गत चलो आयुर्वेद की ओर मिशन के तहत लायंस क्लब कोरबा एवरेस्टए विश्व हिंदू परीषद एवं आयुष मेडिकल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में पतंजलि चिकित्सालय निहारिका रोड कोरबा में सभी 80 प्रकार के वात रोगों हेतु आयोजित निःशुल्क आयुर्वेद, योग,रक्त शर्करा जांच एवं अस्थि खनिज घनत्व बोन मिनरल डेंसिटी जांच चिकित्सा परामर्श एवं उपचार शिविर में 67 मरीज हुये लाभान्वित।

शिविर में विशेष रूप से अपनी चिकित्सकीय सेवायें प्रदान करने वाले छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध अनुभवी आयुर्वेद चिकित्सा विशेषज्ञ वैद्य डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा ने अपचन, कब्ज, शारीरिक श्रम न करना एवं कैल्शियम आयरन तथा विटामिन्स की कमी को वात रोगों का मुख्य कारण बताया। साथ ही इससे बचाव एवं उपचार हेतु अपनी दिनचर्या को नियमित करने के साथ साथ अपने भोजन में कैल्शियम, आयरन एवं विटामिन्स युक्त भोज्य पदार्थों को शामिल करने को कहा तथा किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने की सलाह भी दी। साथ ही शिविर में बीएमडी मशीन द्वारा अस्थि खनिज घनत्व बोन मिनरल डेंसिटी की निशुल्क जांच कर संबंधित औषधि भी निशुल्क प्रदान की गई। साथ ही समस्त प्रकार के वात रोगों के लिये उपयोगी वातशामक काढ़ा भी निशुल्क पिलाया गया। शिविर मे रक्त शर्करा ब्लड शुगर की जांच निशुल्क करने के साथ शुगर की परीक्षित औषधि देने के साथ.साथ वात रोगियों के लिये उपयोगी स्वास्थ्य पुस्तिका भी निशुल्क प्रदान की गई।

# ईव्हीएमए व्ही.व्ही पैट, स्वीप एवं स्वास्तिक की आकृतियां बनाकर मतदाता जागरूकता का दिया संदेश

जोहार छत्तीसगढ़–सूरजपुर।




विधानसभा निर्वाचन 2023 को ध्यान में रखते हुए विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत गिरवरगंज में मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के उद्देश्य से मतदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के निर्देशन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी सुश्री लीना कोसम, संयुक्त कलेक्टर एवं जिला उप निर्वाचन अधिकारी सुश्री प्रियंका वर्मा के मार्गदर्शन मे शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय गिरवरगंज के छात्र–छात्राओं के द्वारा ईव्हीएमए व्हीव्ही पैट, स्वीप एवं स्वास्तिक आदि आकृतियां प्रदर्शित की गई तथा विशाल मानव श्रृंखला का निर्माण करते हुए रैली का आयोजन कर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। विशाल मानव श्रृंखला में उपस्थित समस्त छात्रों एवं कर्मचारियों तथा ग्रामीणों को जिला सहायक स्वीप नोडल अधिकारी लता बैक के द्वारा मतदाता जागरूकता का शपथ दिलाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य, संस्था के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ–साथ प्राथमिक, एवं माध्यमिक शाला के समस्त शिक्षक, जन शिक्षक कीर्ति कौशल दुबे, अजय देवांगन, सुदर्शन दास एवं जय राम प्रसाद बीपी ओ उपस्थित थें।

## एक नजर

### गुणवत्तापूर्ण स्क्रेप भेजने के नाम पर 8 लाख की ठगी

**रायपुर** । गांधी मैदान कोतवाली में 24 टन लोहा स्क्रेप भेजने का सौदा तय कर 8 लाख की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सागर दीक्षित 36 वर्ष दीक्षित हाउस मालवीय रोड का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी विकाश सिंह व बिट्टू सिंह ने उच्च गुणवत्ता का लोहा स्क्रेप विक्रय करने का प्रस्ताव देकर 24 टन लोहा स्क्रेप भेजने का सौदा तय कर 8 लाख की रुपए ले लिया और स्क्रेप एवं डस्ट भेजकर धोखाधड़ी किए। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 420, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### 5 लाख से अधिक की ठगी

**रायपुर** । युवक के 5 लाख 12 हजार 344 रुपए वापस नहीं करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी नितिष कृष्णन 33 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि उसके खाते से प्रतिभा वर्मा का पैसा भुलवश 19 लाख 42 हजार 344 रुपए आरोपी अजय कुमार के खाते में ट्रांसफर हो गया। जिससे प्रार्थी ने पैसा वापस मांगा, तो आरोपी ने 14 लाख 70 हजार रुपए बैंक को वापस किया और शेष रकम 5 लाख 12 हजार 344 रुपए वापस ना कर धोखाधड़ी किया। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### घर के पोर्च में खड़ी बाइक पार

**रायपुर** । खम्हारडीह स्थित हाईस्कूल पानी टंकी के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी ओंकार साहू ग्राम अकोला दुर्ग का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपने मामा के यहां खम्हारडीह आया था। जिससे घर के पोर्च में अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एनजेड 1084 को खड़ी किया था, जिसे अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### पुरानी रंजिश के चलते युवक को पीटा

**रायपुर** । ग्राम नवागांव नवापारा में पुरानी रंजिश के चलते दो युवकों ने एक युवक से गाली–गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर गोबरानवापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी जनक सिन्हा 35 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी जितेन्द्र सिन्हा व राजेन्द्र सिन्हा ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली–गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर गोबरानवापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### चाकू लहराते युवक पकड़ाया

**रायपुर** । गुढियारी पुलिस ने कुंदरापारा में चाकू लहराते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

मिली जानकारी के अनुसार गुढियारी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कुंदरापारा में चाकू लहराते आरोपी आकाश यादव 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### गांजा बेचते युवक गिरफ्तार

**रायपुर** । सरस्वती नगर पुलिस ने मोतीलाल नगर कोटा में एक युवक के पास से गांजा जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

बता दें कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि मोतीलाल नगर कोटा में एक युवक गांजा बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी लक्ष्मण जगत 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 1 किलो 350 ग्राम गांजा जब्त किया है। जिसकी कीमत 13500 रुपए के आसपास बताई जा रही है।

### चेंबर में गिरे नंदी को गो-सेवकों ने निकाला सुरक्षित

**कोरबा** । शहर में खुला चेंबर मवेशियों के लिए मुसीब का सबब बना हुआ है। गुरूवार को महिला आईटीआई के निकट खुले चेंबर में एक नंदी बैल गिर गया। असहाय अवस्था में चेंबर में फंसे नंदी की सूचना राहगीरों ने गो–सेवकों को दी। जिनके सहयोग से नंदी को सुरक्षित बाहर निकाला गया है।

खुले चेंबर में सीमेंट के कव्हर को ढंकने के बजाए निगम प्रशासन ने खुला ही छोड़ दिया है। जिसका खामियाजा जानवरों को भुगतना पड़ रहा हैं। ऐसी ही घटना रामपुर क्षेत्र में देखने को मिली। सीएसईबी कालोनी के निस्तारी के खुले चेंबर में एक नंदी बैल गिर गया।

# कलेक्टर ने आयकर विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में एफएसटी, एसएसटी, और एक्साइज दल की ली बैठक

जोहार छत्तीसगढ़–सूरजपुर।



जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने आयकर विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में एफएसटी, एसएसटी, और एक्साइज दल की बैठक रखी थी। जिसमें उपस्थित जनों को निर्वाचन के दौरान की जाने वाली कार्यवाही व उनके क्षेत्राधिकार से अवगत कराया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने एफ एसटी दल को बताया कि चेकिंग के दौरान संदेहास्पद प्राप्त राशि कैश, और वस्तु पोस्टर व अन्य प्रचार सामग्री, मदिरा, ड्रग्स इत्यादि, पाये जाने की स्थिति में जो मतदाता को प्रलोभित करने की श्रेणी में आएगा। उसकी जप्ती कर आवश्यक कार्रवाई करना दल की जिम्मेदारी होगी। इस अवसर पर आयकर विभाग से आए हुए अधिकारियों ने बताया कि 10 लाख के ऊपर की धनराशि यदि कोई व्यक्ति एक स्थान से दूसरे स्थान ले जा रहा है तो उस स्थिति में एफ एसटी टीम को त्वरित कार्रवाई करते हुए, वीडियो बनवाना है इसके साथ ही कार्यवाही का विवरण भी तैयार करना है। इसके पश्चात आयकर विभाग को सूचना देनी है इसके साथ ही उन्होंने कैश लाने ले जाने के सम्बंध में अन्य जानकारियां भी उन्हें उपलब्ध करायी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपस्थित जनों को स्पष्ट किया कि निर्वाचन के लिए प्रलोभन वाले सामग्री या राशि पर ही दलों को नजर रखनी है। इसके साथ ही उन्होंने उपस्थित जनों को निर्वाचन की प्रक्रिया सुचारू रूप से संपादित हो इसके लिए सभी को निष्पक्ष होकर कार्य करने की बात कही। बैठक में पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलिसेला, अपर कलेक्टर नयनतारा सिंह तोमर व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# 13 अक्टूबर से 02 दिसम्बर तक नॉमिनेशन टीम, पोलिंग पर्सन, सेक्टर ऑफिसर, कमीशनिंग टीम इत्यादि का प्रशिक्षण

जोहार छत्तीसगढ़–सूरजपुर।

13 अक्टूबर से 02 दिसम्बर तक विधानसभा निर्वाचन 2023 के सफल निष्पादन के लिए लगातार प्रशिक्षण कार्यक्रम जिले के विभिन्न प्रशिक्षण स्थालों में चलाया जायेगा।




प्रशिक्षण का विवरण व तिथि इस प्रकार है। प्रथम चरण. पोलिंग पर्सन ट्रेनिंग 16 से 18 अक्टूबर शा. रेवती रमन मिश्र महाविद्यालय सूरजपुर व शा.बा.उ.मा.वि सूरजपुर, शा.क.उ.मा.वि सूरजपुर, निर्वाचन सामग्री दल की ट्रेनिंग 20 अक्टूबर जिला पंचायत सभाकक्ष, वीडियोग्राफ ी फ ोटोग्राफ स का ट्रेनिंग 20 अक्टूबर जिला पंचायत सभाकक्ष, डिस्पैच एंड रिसीव टीम ट्रेनिंग 01 नवम्बर जिला पंचायत सभाकक्ष एवं काउंटिंग पर्सनल का ट्रेनिंग 11 नवम्बर जिला पंचायत सभाकक्ष में होगी। द्वितीय चरण. नॉमिनेशन टीम ट्रेनिंग 13 अक्टूबर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष, पोलिंग पर्सन ट्रेनिंग 8 से 10 नवम्बर शा. रेवती रमण मिश्र महाविद्यालय सूरजपुर, शा.बा.उ.मा.वि सूरजपुर व शा.क.उमावि सूरजपुर, माइक्रो ऑब्जर्वर्स ट्रेनिंग 2 नवम्बर जिला पंचायत सभाकक्ष, असिस्टेंट एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर का ट्रेनिंग 04 नवम्बर को जिला पंचायत सभाकक्ष, कमीशनिंग टीम ट्रेनिंग 07 नवम्बर जिला पंचायत सभाकक्ष, पोस्टल बैलट पेपर ट्रेनिंग 19 अक्टूबर जिला पंचायत, डिस्पैच एंड रिसीव टीम ट्रेनिंग 10 नवम्बर जिला पंचायत सभाकक्ष तथा काउंटिंग पर्सनल का ट्रेनिंग 24 नवम्बर जिला पंचायत सभाकक्ष में है। तृतीय चरण. पोलिंग पर्सन ट्रेनिंग 13 से 15 नवम्बर शा. रेवती रमण मिश्र महाविद्यालय सूरजपुर, शाबाउमावि सूरजपुर व शाकउमावि सूरजपुर, सेक्टर ऑफि सर ट्रेनिंग 06 नवम्बर को जिला पंचायत सभाकक्ष में व मॉक ड्रिल काउंटिंग का ट्रेनिंग 02 दिसम्बर आईटीआई पर्री में है। जिसमें निर्धारित तिथि के अनुसार प्रशिक्षण दिया जायेगा।

# भाजपा में टिकट बंटवारे को लेकर उपजा असंतोष, कहीं भाजपा को भारी न पड़ जाए

## केदारनाथ अग्रवाल को आम आदमी पार्टी साधने में लगी हुई

जोहार छत्तीसगढ़-छत्तीसगढ़-कोरबा।

छत्तीसगढ़ में होने वाले विधानसभा चुनावओं में इस बार चुनाव रोचक होने वाले हैं जहां कांग्रेस बीजेपी अपनी उपलब्धियों को गिनाकर मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित करने की कोशिश करने मे लगे हुए है वहीं छत्तीसगढ़ में आम आदमी पार्टी के एंट्री से दोनों पार्टियों के समीकरण बनते और बिगड़ते नजर आ रहे हैं। कोरबा की चारों विधानसभाओं सहित पूरे छत्तीसगढ़ में बीजेपी में लगभग टिकट बटवारे को लेकर असंतोष देखा जा रहा है, हालांकि कांग्रेस के द्वारा अभी प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की गई है प्रत्याशियों के घोषणा के बाद स्थिति और साफ नजर आएगी। इसके साथ-साथ छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना राजनीतिक पार्टी के रूप में उतरकर पूरे 90 विधानसभा में अपने प्रत्याशी उतारने की घोषणा कर चुकी है जो लोकल वाद को लेकर आगे बढ़ रही है वहीं गोंडवाना गणतंत्र पार्टी आदिवासियों की पहली पसंद बनी हुई है। इसके साथ-साथ जोगी कांग्रेस पार्टी भी मैदान में विभिन्न मुद्दों को लेकर अपने प्रत्याशी उतार रही है, सपा और बीएसपी के भी प्रत्याशी मैदान में रहेंगे। पार्टी के अंतर्कलह व गुटबाजी व टिकट बंटवारे को लेकर उपजा असंतोष क्षेत्रीय व आप पार्टी के कारण कांग्रेस और भाजपा पार्टियों के समीकरण मे काफी हद तक उलट फेर की संभावना जताई जा रही है, बीजेपी ने परिवर्तन यात्रा के माध्यम से प्रदेश की सत्ता पाने की कोशिश की है लेकिन बीजेपी के टिकट बंटवारे में फैला असंतोष कहीं ना कहीं भाजपा के परिवर्तन यात्रा पर भारी पड़ रहा, और बीजेपी में गुटबाजी व भीतर घात से बीजेपी का समीकरण बिगाड़ सकता है, वही जनता जनार्दन का मूड क्या कहता है यह तो चुनाव के नतीजे आने के बाद ही पता लग पाएगा। कोरबा जिले के चारों विधानसभा की बात की जाए तो भाजपा ने चारों विधानसभा में अपने प्रत्याशी उतार दिए हैं जिसमें से तीन विधानसभाओं में पुराने चेहरों को मौका दिया गया है वहीं एक कटघोरा विधानसभा में नए चेहरे को पार्टी ने मौका दिया है।

### कोरबा जिले के चारों विधानसभाओं में टिकट बंटवारे को लेकर भारी असंतोष नजर आ रहा

जहां रामपुर विधान सभा क्षेत्र में वरिष्ठ आदिवासी कद्दावर नेता ननकी राम को पुन: पार्टी ने मौका दिया है वहीं इनका विरोध भी हो चुका है। कोरबा विधानसभा में कई ऐसे दिग्गज नेता इस बार टिकट की आस रखे हुए थे लेकिन पार्टी ने आचार संहिता लगने के दो माह पहले ही लखन लाल देवांगन को कोरबा विधानसभा से प्रत्याशी घोषित कर सभी के मुंह बंद कर दिए, इसके बाद भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। पालीतानाखार विधानसभा की बात की जाए तो यहां से रामदयाल उइके को पार्टी ने पुन: मौका दिया है जबकि विजय जगत पूरी तरह से संतुष्ट होकर चुनाव की तैयारी कर चुके थे और लगातार पार्टी के उच्च नेताओं से इन्हें ही टिकट मिलने की बातें सामने आ रही थी। लेकिन ऐन वक्त में पार्टी ने इन पर भरोसा ना कर पूर्व में हारे हुए प्रत्याशी पर पुन: दांव लगाया है, जबकि विजय जगत एक दमदार नेता के साथ-साथ एक हंसमुख चेहरा और क्षेत्र में अच्छी पकड़ रखने वाले नेता के रूप में जाने जाते हैं। वही कटघोरा विधानसभा की बात की जाए तो यहां से कई ऐसे जाने माने चेहरे दावेदारी कर रहे थे जिसमें से सबसे दमदार चेहरे के रूप में केदारनाथ अग्रवाल भी दावेदारी किए हुए थे लेकिन पार्टी ने एक ऐसे चेहरे को प्रत्याशी बनाया जिन्हें ज्यादातर लोग जानते ही नहीं है, कोरबा जिले के चारों विधानसभाओं में जिस प्रकार भाजपा में टिकट बंटवारे को लेकर पार्टी के पदाधिकारी एवं उनके समर्थक कार्यकर्ताओं में असंतोष पनप रहा है जो कहीं ना कहीं भीतरघात से इनकार नहीं किया जा सकता है।

हालांकि कांग्रेस पार्टी सहित विभिन्न क्षेत्रीय पार्टियों ने चारों विधानसभाओं में अपने प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की है कुछ विधानसभा कोरबा विधान सभा में आम आदमी पार्टी से विशाल केलकर को पार्टी ने प्रत्याशी उतारते हुए घोषणा की है वही पालीताणा खार से गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष तुलेश्वर मरकाम मैदान में है, चारों विधानसभाओं में सभी पार्टियों के प्रत्याशी उतारने के बाद स्थिति और साफ नजर आएगी। वहीं सूत्रों के मुताबिक कटघोरा विधानसभा क्षेत्र से बीजेपी के प्रमुख दावेदार केदारनाथ अग्रवाल को आम आदमी पार्टी कटघोरा से विधानसभा चुनाव में उतारने के लिए प्रयास रत है। केदारनाथ कटघोरा विधानसभा से उम्र के इस पडाव में अबकी बार बीजेपी से टिकट की उम्मीद की थी लेकिन पार्टी ने ऐसे नए चेहरे को मैदान में उतारा जिससे सभी भौचक रह गए। हालांकि केदारनाथ अग्रवाल पार्टी में रहकर पार्टी के रीति नीति पर चलना चाह रहे, लेकिन बढ़ती उम्र और अबकी बार कटघोरा विधानसभा से चुनाव लड़ने के सपने पर पार्टी के निर्णय से फिरते पानी को अंदर अंदर हजम भी नहीं कर पा रहे हैं, इसी का फ ायदा उठाते हुए आम आदमी पार्टी इन्हें अपनी और साधने में लगी हुई है, अगर चुनाव के ऐन वक्त आम आदमी पार्टी केदारनाथ अग्रवाल को साधने में सफ ल होती है और इन्हें कटघोरा विधानसभा से अपना प्रत्याशी घोषित करती है तो बीजेपी को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। बीजेपी में यही स्थिति अन्य तीनों विधानसभाओं में बनी हुई है, हालांकि बी फार्मा भरने तक पार्टी के पास अभी भी मौका है जिससे वह नुकसान से बच सकती है ।

आम आदमी पार्टी जीतने वाले चेहरे विभिन्न पार्टियों से नाखुश पर दांव आजमाने की कोशिश में है। वही कांग्रेस पार्टी टिकट बंटवारे को लेकर फूंक फूंक कर कदम रख रही है जिससे पार्टी में असंतोष की स्थिति न उत्पन्न हो यही कारण है कि कांग्रेस पार्टी अभी तक प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की है।

# प्राथमिक शाला ठाकुर नगर जोबी एफएलएन एवं अंगना म शिक्षा आकलन मेला का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-जोबी।




शासकीय प्राथमिक ठाकुर नगर जोबी में एफएलएन एवं अंगना में शिक्षा मेला का आयोजन किया गया। यह आकलन मेला तिमाही परीक्षा के बाद किया गया। जिसमें माता-पिता एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित थे यह एक उत्सव के रूप में मनाया गया जिसमें बच्चे एवं माता-पिता बहुत ही खुश होकर कार्य किया। सबसे पहले तो सभी को एफएल एन के बारे में समझाया गया। कक्षा एक दो के बच्चों का मौखिक आकलन एवं तीन से पांच के बच्चों का लिखित एवं मौखिक आकलन किया गया। इस आकलन में मेला में स्टाल लगाकर बेचा जाता है। वैसे ही मेला के जैसे एफएल एन एवं अंगना मा शिक्षा सामग्री का स्टॉल लगाकर बच्चों का आकलन किया गया। जैसे स्टॉल एक में पंजीयन का कार्य मेंटर द्वारा सभी बच्चों का किया गया। स्टॉल 2 में भाषा एवं संख्या ज्ञान संतुलन बनाकर चलना किए। स्टॉल 3 में अक्षरों की पहचान कर शब्द बनाने का आकलन किया गया। स्टॉल 4 में चित्रों को पहचान कर कहानी बनाने एवं लिखने के लिए बोला गया। स्टॉल 5 में खिलौने का कोना था। जिसमें मिट्टी कागज डब्बा उन इत्यादि का खिलौना बनाकर रखा गया था और बच्चों से क्या से बना है क्या चीज से बना है उसके बारे में पूछा गया। स्टॉल 6 में वर्गीकरण क्रम में लगाना छोटे बड़े का पहचान करने के लिए कहा गया। स्टॉल 7में संख्या पहचान कर जोड़ घटाव गुणा करने को बोला गया। स्टॉल 8 में आकार एवं रंगों का पहचान कर नाम बताने के लिए बोला गया। एफएलएन आकलन में जो किट मिला था उसका उपयोग किया गया जो खिलौने मिले थे उसका भी स्टॉल लगाया गया था। आकलन बच्चों के माता-पिता एवं साला प्रबंध समिति के सदस्यों के द्वारा किया गया इसलिए यह आकलन स्थानीय बोली भाषा में था जो बच्चों को समझने में सहज हुआ। माता-पिता अपने बच्चों का आकलन स्वयं किया और उनको पता चला की हमारे बच्चों को और कितना आना चाहिए कितना पीछे हैं और हम कितना ध्यान दे पाते हैं। कितना ध्यान देने की आवश्यकता है। यह आकलन मेला बहुत ही अच्छा था जिसमें माता-पिता को और शिक्षक को लगा कि हमारे बच्चे को और सीखने सिखाने की जरूरत है। इस आकलन मेला का आयोजन अर्धवार्षिक परीक्षा के बाद और वार्षिक परीक्षा के बाद भी किया जाएगा यह बहुत ही अच्छा बच्चों को माता.पिता को प्रोत्साहित करने का मिला था जिसमें प्रधान पाठक सुलेमान बेक एवं शिक्षिका प्रमिला जांगड़े द्वारा अच्छा प्रयास किया गया धन्यवाद। जिसमें शिक्षिका के द्वारा एक अनूठा पहल कक्षा एक एवं दो में पढ़ने वाले बच्चों के माता-पिता को किताब पेन कॉपी दिया जिससे वे घर में पढ़ कर अपने बच्चों को आसानी से पढ़ा सकेंगे जिसको एक दूरदर्शिता सोच कहा जा सकता है पढ़ाई के क्रम में।



विधान सभा आम निर्वाचन-2023

# निर्वाचन में व्यय निगरानी को लेकर अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय ने ली सहायक व्यय प्रेक्षकों की बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन की घोषणा पश्चात अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सहायक व्यय प्रेक्षक एवं वीएसटी टीम की बैठक ली। अपर कलेक्टर पाण्डेय ने कहा कि जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो चुकी हैं, सभी निर्वाचन आयोग के निर्देशों का गंभीरता से पालन करेंगे। उन्होंने वीएसटी (वीडियो निगरानी टीम)एवं व्यय लेखा टीम को उनके दायित्वों की जानकारी दी। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर युवराज मरमट उपस्थित रहें। अपर कलेक्टर पाण्डेय ने सभी सहायक व्यय प्रेक्षक को कहा कि प्रत्याशी के आमसभा, रैली रोड़ शो की सूचना प्राप्त होने के पश्चात वीएसटी टीम को सूचना प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने सूचना के प्राप्त होने पश्चात वीएसटी टीम को सभा स्थल में पहले पहुंचना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने सुसंगत गतिविधियों की निगरानी के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उक्त वीडियो का अवलोकन टीम एवं लेखांकन टीम के माध्यम से भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचन व्यय निगरानी का कार्य करने के निर्देश दिए। ताकि वीडियो से प्रत्याशी के खर्चों का अवलोकन किया जा सके। इस दौरान उन्होंने कहा कि व्यय वैधानिक होने पर प्रत्याशी के खर्च में जुड़ेगा। अपर कलेक्टर पाण्डेय ने टीम को एक्टिव रहने एवं रिटर्निंग ऑफिसर से समन्वय रखने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर पाण्डेय एफएसटी (उड़न दस्ता टीम) के प्रशिक्षण में भी शामिल हुए। उन्होंने प्रशिक्षण में एफ.एस.टी.को उनके कार्यों की विस्तृत जानकारी देते हुए भारत निर्वाचन आयोग विधानसभा निर्वाचन-2023 में सी-विजिल मोबाइल एप के उपयोग के संबंध में जानकारी दिए। उन्होंने कहा कि एप के जरिए कोई भी व्यक्ति आदर्श आचरण संहिता का उल्लंघन की गतिविधियों या घटनाओं की शिकायत चंद मिनटों में दर्ज करा सकता है। जिले में आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की शिकायते होने पर समय रहते कार्रवाई की जाएगी है। साथ ही सी-विजिल मोबाइल एप पर शिकायत प्राप्त होते ही उड़नदस्ता एफ.एस.टी. तुरंत मौके पर पहुँच कर जरूरी कार्रवाई करेगी। इस दौरान उन्होंने टीमों के लिए वाहनों की व्यवस्था के संबंध में आवश्यक निर्देश जिला परिवहन अधिकारी को दिए। इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय महादेवा, जिला परिवहन अधिकारी दुष्यंत रायस्त, वरिष्ठ लेखा अधिकारी बसंत गुलेरी, वरिष्ठ कोषालय अधिकारी ज्योति सिंह, एल.के. बारा, एस.के.मिंज, सुश्री ऋद्धि साहू एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर एवं एसपी ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

## मतगणना कक्ष, मतदान सामग्री, सुरक्षा व्यवस्था व वाहनों के पार्किंग के संबंध में अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़-बिलाईगढ़।



भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आगामी विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों के संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी आज कृषि मंडी स्थित स्ट्रांग रूम के निरीक्षण में पहुंची। यहां उन्होंने निर्वाचन के लिए सुविधाओं और सुरक्षा के संबंध में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह, अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं संयुक्त कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज एवं संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने ईवीएम को रखने के लिए तैयार किए जा रहे स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करते हुए सामग्री वितरण के लिए आवश्यक गतिविधियों के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने मतदान पश्चात आने वाली सामग्रियों को रखने संबंधी चर्चा भी की। मौके पर उन्होंने मतगणना कक्ष का भी निरीक्षण किए। उन्होंने मतदान दलों, रिटर्निंग आफिसर, ऑपरेटर एवं पुलिस फोर्स के रुकने के संबंध में चर्चा करते हुए अतिरिक्त कमरों के अलावा आवश्यकतानुसार उपलब्ध कमरों के उपयोग हेतु निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने टॉयलेट, वाशरूम, बिजली की व्यवस्था को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इसके अलावा कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने मतदान दलों के वाहन पार्किंग के संबंध में जानकारी लेते हुए उक्त जगह का निरीक्षण किया, साथ ही उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारी को पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



# लोकतंत्र में मतदान करना हर मतदाता का है अधिकार, इससे देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था होती है मजबूत और देश को मिलती है नई गति

## स्वास्थ्य मेला आयोजित कर मतदाताओं को मतदान करने हेतु जागरूक किया

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।




मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी सुश्री लीना कोसम एवं जिला उपनिर्वाचन अधिकारी प्रियंका वर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। विधानसभा निर्वाचन 2023 को ध्यान में रखते हुये भटगांव विधान सभा क्षेत्र के विकास खण्ड मुख्यालय ओड़गी के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में जिला स्तरीय स्वास्थ्य मेला आयोजित कर मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न ग्राम पंचायतो से आये हुए लोगों को मतदान करने हेतु जागरूक किया गया तथा लोकतंत्र में मतदान करना हर मतदाता का अधिकार है, इससे देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था मजबूत होती है और देश को नई गति मिलती हैं।

लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने में एक-एक मतदाता अहम भूमिका निभाता है। इस महत्व को विस्तार पूर्वक समझाते हुए सभी मतदाताओं को शपथ मोहम्मद महमूद बीपीओ द्वारा शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम में डॉ. अजय मरकाम जिला टीकाकरण अधिकारी, डॉ.बंटी बैरागी खण्ड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ओड़गी,सखन आयाम बीपीएम, डीएन रवि, बीई डॉ. दिलीप प्रधान आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी, यूआर ध्रुव, महेन्द्र, गोपाल प्रसाद, कविता सिंह, विवेक, सुनीता, किस्मत तथा विभिन्न ग्रामों से आये ग्रामीण जन शामिल थे।

# राजनीति दल के अध्यक्ष व प्रतिनिधियों को निर्वाचन व्यय एवं लेखा के संबंध में दी गई जानकारी

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दल के अध्यक्ष व प्रतिनिधियों को निर्वाचन से संबंधित विभिन्न सेल का करवाया अवलोकन

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।






विधानसभा 2023 सामान्य निर्वाचन की घोषणा के साथ ही राजनीतिक दल तथा उम्मीदवारों के लिए निर्धारित आदर्श आचरण संहिता के प्रावधान तत्काल प्रभाव से प्रभावशील हो गए हैं। मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के अध्यक्ष व प्रतिनिधि निर्वाचन की अवधि तक व्यय अनुवीक्षण सम्बन्धी विवरण के संबंध में मूलभूत जानकारी रखें इसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल द्वारा सभा कक्ष में बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा उपस्थित जनों को बताया गया कि निर्वाचन व्यय से संबंधित वैधानिक प्रावधानों का सभी को पालन करना है। जिसके अंतर्गत उन्हें प्रमुख कानूनी प्रावधानों के संबंध में जानकारी दी गई। उपस्थित जनों को बताया गया कि निर्वाचन व्यय के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी द्वारा पृथक बैंक खाता खोला जाना अनिवार्य है और सभी निर्वाचन व केवल इसी बैंक खाते से किए जाएंगें। अभ्यर्थी द्वारा बना कर रखे जाने वाले निर्वाचन व्यय रजिस्टर के संबंध में भी उन्हें जानकारी दी गई। निर्वाचन के खर्चों के दैनिक लेखा का रजिस्टर, कैश तथा बैंक रजिस्टर भरने की प्रक्रिया से भी उन्हें अवगत कराया गया। अभ्यर्थी की ओर से अतिरिक्त निर्वाचन एजेंट की नियुक्ति के संबंध में भी उन्हें बताया गया। स्टार प्रचारक को सुबह के संबंध में भी महत्वपूर्ण बिंदु बताए गए।

निर्वाचन की अवधि के दौरान उन्हें किन.किन नियमों का पालन करना है। इसी के तहत उपस्थित जनों को नाम निर्देशन, नाम निरीक्षण की तारीख से परिणाम की घोषणा व परिणाम की घोषणा के पश्चात अभ्यर्थियों के लिए क्या-क्या दिशा निर्देश हैं। उनकी सूची उपलब्ध करायी।

इसी क्रम में राजनीतिक दलों के लिए निर्वाचन की घोषणा के पश्चात, नाम निर्देशन की तारीख से लेकर परिणाम की घोषणा व परिणाम की घोषणा के पश्चात के दिशा निर्देश की सूची उपलब्ध कराई। इसके साथ ही बैठक के तुरंत उपरांत जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा उपस्थित राजनीतिक दल के अध्यक्ष व प्रतिनिधियों को संयुक्त जिला कार्यालय भवन में निर्वाचन की प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपादित करने के लिए बनाए गए विभिन्न सेल का अवलोकन कराया गया। जिसमें नामांकन फ ार्म लेने, भरने व नाम वापसी लेने तक की प्रक्रिया किस.किस कक्ष में संपादित होगी इसकी जानकारी उन्हें दी गई।

इसके साथ ही सी विजिल, एमसीएमसी सेल, ईईएम कंट्रोल रूम से भी उन्हें अवगत कराया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर नयनतारा सिंह तोमर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री प्रियंका वर्मा, संयुक्त कलेक्टर नरेंद्र पैंकरा वह अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## नेहा धूपिया ने किया अपनी पहली वेब सीरीज का ऐलान



विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर अभिनेत्री नेहा धूपिया ने कहा कि उनके आगामी प्रोजेक्ट की स्क्रिप्ट मानसिक स्वास्थ्य पर केंद्रित है। एक बयान में अभिनेत्री नेहा धूपिया ने मानसिक स्वास्थ्य पर खुलकर चर्चा करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने व्यक्तियों से साथियों और विशेषज्ञों दोनों से समर्थन लेने का आग्रह किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि चुप्पी के गंभीर परिणाम हो सकते हैं। अभिनेत्री ने मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े कलंक को तोड़ने लिए एक मंच प्रदान करने के परियोजना के इरादे पर प्रकाश डाला। नेहा ने कहा, इस महत्वपूर्ण मोड़ पर यह जरूरी है कि हम प्रस्तुत कहानी के माध्यम से इस मुद्दे को संबोधित करें। हमारा उद्देश्य सकारात्मक परिवर्तन लाना है।



## मधुरिमा तुली सीख रही कथक, कहा- सीखने की कोई उम्र नहीं होती

टीवी एक्ट्रेस मधुरिमा तुली शास्त्रीय कथक नृत्य सीख रही हैं। एक्ट्रेस ने कुछ कथक मूव्स करते हुए अपना एक वीडियो पोस्ट किया। रिलेक्स करने के साथ-साथ कुछ नया सीखने के हिस्से के रूप में, मधुरिमा ने शास्त्रीय नृत्य सीखने के बारे में कहा कि सीखना वास्तव में उम्र पर निर्भर नहीं है।

चंद्रकांता फेम एक्ट्रेस ने कहा: मैंने हमेशा माना है कि सीखने की कोई उम्र नहीं होती। बचपन से ही, मैं डांस की शौकीन रही हूं।

एक्ट्रेस ने आगे कहा, जहां तक शास्त्रीय नृत्य का सवाल है, मैंने सबसे लंबे समय तक ओडिसी सीखी है और मुझे इससे पूरी तरह प्यार हो गया है। कथक भी लंबे समय तक चर्चा में रहा। मैं निश्चित रूप से और अधिक सीखने के लिए उत्सुक हूं।

मधुरिमा के पास टीवी के साथ-साथ ओटीटी फॉर्मेट्स में प्रोजेक्ट्स है, और उन्होंने ड्रामा, रोमांस, पौराणिक कथाओं, थ्रिलर, सोप ओपेरा, एक्शन और अन्य विभिन्न शैलियों में काम किया है।

टीवी में अपनी भूमिका के अलावा, एक्ट्रेस कुछ बॉलीवुड फिल्मों जैसे नाम शबाना, बेबी, हमारी अधूरी कहानी और यहां तक कि द ब्लैक प्रिंस जैसी इंटरनेशनल प्रोडक्शन का भी हिस्सा रही हैं।

वेब सीरीज की बात करें तो एक्ट्रेस को मिलिट्री-एक्शन-ड्रामा सीरीज अवरोध: द सीज विदइन में देखा गया था।

## बैकलेस आउटफिट में कबीर सिंह की हीरोइन ने लगाया बोल्डनेस का ओवरडोज तड़का

### किलर अवतार से लूटी लाइमलाइट

कबीर सिंह फेम निकिता दत्ता आए दिन अपने फैशन स्टेटमेंट्स के कारण सोशल मीडिया पर छाई हुई रहती हैं। उनका हर एक अंदाज सोशल मीडिया पर शेयर होते ही छा जाता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट स्टाइलिश अंदाज से फैंस को अपनी ओर रिझाना शुरू कर दिया है। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से अपना दिल हार गए हैं।

बॉलीवुड एक्ट्रेस निकिता दत्ता ने अपनी बेहद ही ग्लैमरस तस्वीरें इंस्टाग्राम पर तबाही मचाई हुई हैं। वो जब भी अपनी फोटोज और वीडियोज सोशल मीडिया पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थकते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में वो बेहद ही खूबसूरत लग रही हैं। निकिता दत्ता ने इन तस्वीरों में फ्लोरल प्रिंट लुक में बैकलेस शॉर्ट ड्रेस पहना हुआ है। एक्ट्रेस अपने इस लुक में बेहद ही स्टनिंग और क्लासी नजर आ रही हैं। हालांकि फैंस भी उनके लुक्स को देखकर आहें भरते नहीं थक रहे हैं। निकिता दत्ता सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। एक्ट्रेस की इंस्टाग्राम पर फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी लंबी है। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। निकिता दत्ता की इन तस्वीरों पर एक यूजर ने कॉमेंट करते हुए लिखा है- हॉट वहीं दूसरे ने लिखा है- अमेजिंग।



## टाइगर 3 का नया पोस्टर आया समाने, सलमान खान का दिखा खौफनाक अवतार




सलमान खान की 'टाइगर' फ्रेंचाइजी की थर्ड इंस्टॉलमेंट 'टाइगर 3' का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. वहीं बॉलीवुड सुपरस्टार ने फैंस की एक्साइटमेंट को और बढ़ाते हुए अपनी इस मोस्ट अवेटेड फिल्म नया पोस्टर आज रिलीज कर दिया है. 'टाइगर 3' के धांसू पोस्टर में सलमान खान के इंटेंस लुक को देखने के बाद फैंस फिल्म की रिलीज का इंतजार नहीं कर पा रहे हैं. .

सलमान खान ने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी अपकमिंग फिल्म 'टाइगर 3' का एक नया पोस्टर जारी किया, जिसमें वे काफी इंटेंस लुक में नजर आ रहे है.

एक्टर इस नए पोस्टर में अपने घुटने के बल जमीन पर बैठे हुए नजर आ रहे हैं और उन्होंने हाथ में गन ली हुई है. पोस्टर में सलमान ब्लैक पैंट के साथ जैकेट और अपना सिग्नेचर चेकर्ड व्हाइट एंड ब्लैक स्कॉर्फ लिए हुए बेहद डैशिंग लग रहे हैं. बता दें कि इस फिल्म में सलमान एक बार फिर सुपर एजेंट टाइगर उर्फ अविनाश सिंह राठौड़ के रोल में नजर आएंगे.

वहीं बता दें कि 'टाइगर 3' का ट्रेलर 16 अक्टूबर को रिलीज होगा. पोस्टर को शेयर करते हुए सलमान खान के कैप्शन ने ट्रेलर के लिए फैंस की एक्साइटमेंट को दोगुना कर दिया है. एक्टर ने कैप्शन में लिखा, टाइगर आ रहा है. 16 अक्टूबर. टाइगर3 ट्रेलर रेडी हो जाओ! टाइगर 3 इस दिवाली सिनेमाघरों में आ रही है. हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज हो रही है.

## फिल्म एनिमल का पहला गाना जारी, रणबीर कपूर ने रश्मिका मंदाना के साथ किया रोमांस

रणबीर कपूर इन दिनों अपनी मचअवेटेड फिल्म एनिमल को लेकर काफी चर्चा में बने हुए हैं. हाल ही में फिल्म का टीजर जारी किया गया था , जिसे दर्शकों की तरफ से काफी पॉजिटिव रिस्पॉन्स देखने को मिला था. वहीं फैंस के एक्साइटमेंट को बढ़ाने के लिए मेकर्स ने फिल्म का पहला हुआ मैं गाना रिलीज किया है.



यह एक रोमांटिक ट्रैक है, जिसमें रणबीर-रश्मिका की सिजलिंग केमिस्ट्री देखने को मिल रही है. का नाम दोनों की लाजवाब केमेस्ट्री देखने को मिल रही है. गौरतलब है कि रणबीर और रश्मिका इस फिल्म के जरिए पहली बार बड़े पर्दे पर एक साथ नजर आने वाले हैं.

गाने की शुरुआत दोनों के किसिंग सीन के होती है और इसके बाद दोनों के कई सारे लिपलॉक देखने को मिलेंगे. सॉन्ग में दोनों की जोड़ी कमाल की लग रही है.

## राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी मचाएंगे पर्दे पर धमाल, हुआ नई फिल्म का ऐलान



अभिनेता राजकुमार राव आने वाले दिनों में कई अलग-अलग तरह की फिल्मों में नजर आने वाले हैं और अब उनके खाते से एक और फिल्म जुड़ गई है, जिसका नाम है विक्की विद्या का वो वाला वीडियो।इसके जरिए पहली बार राजकुमार और अभिनेत्री तृप्ति डिमरी साथ आ रहे हैं और इससे भी खास बात यह है कि फिल्म के निर्देशन की कमान ड्रीम गर्ल और ड्रीम गर्ल 2 का निर्देशन कर चुके राज शांडिल्य संभाल रहे हैं।

भूषण कुमार, एकता कपूर के साथ मिलकर यह मसाला एंटरटेलर फिल्म बना रहे हैं। टी-सीरीज ने फिल्म का एक शानदार पोस्टर साझा कर लिखा, अतीत का एक धमाका। पारिवारिक ड्रामा विक्की विद्या का वो वाला वीडियो के जरिए राजकुमार और तृप्ति 90 के दशक की यादें ताजा करने आ रहे हैं।उधर शांडिल्य ने ट्वीट कर यह जानकारी दी कि ड्रीम गर्ल 2 के बाद यह उनकी अगली फिल्म है। इस फिल्म की कहानी भी उन्होंने ही लिखी है। बात करें शांडिल्य की तो वह जाने-माने टेलीविजन और फिल्म राइटर हैं। उन्होंने अपना करियर 2006 में शुरू किया था। शांडिल्य कॉमेडियन कृष्णा अभिषेक और सुदेश लहरी के लिए लगभग 350 स्क्रिप्ट और कपिल शर्मा के लिए लगभग 200 स्क्रिप्ट लिख चुके हैं। यह शांडिल्य की ड्रीम गर्ल की तरह मजेदार होने वाली है। इसकी कहानी में 1990 के दशक का तड़का लगेगा। फिल्म के नाम से पता चलता है कि यह विक्की और विद्या के इर्द-गिर्द घूमने वाली है। विक्की की भूमिका राजकुमार तो विद्या का किरदार तृप्ति निभाने वाली हैं।उनके एक पुराने वीडियो से फिल्म में धमाका होने वाला है।

# खेल



## वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया की सबसे बड़ी हार, साउथ अफ्रीका ने 134 रन से हराया

### डी कॉक का शतक, रबाडा ने झटके 3 विकेट

लखनऊ। वनडे वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया को उसकी सबसे बड़ी हार मिली है। टीम को लखनऊ में साउथ अफ्रीका ने 134 रन के बड़े अंतर से हरा दिया। इससे पहले साल 1983 में ऑस्ट्रेलिया को भारत ने 118 रन से हराया था। इकाना स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग चुनी। साउथ अफ्रीका ने पहले बैटिंग करते हुए 50 ओवर में 7 विकेट पर 311 रन बनाए। जवाब में ऑस्ट्रेलिया टीम 40.5 ओवर में 177 रन ही बना सकी। साउथ अफ्रीका से ओपनर क्विंटन डी कॉक ने शतक लगाया, वहीं दूसरी पारी में कगिसो रबाडा ने 3 विकेट झटके।

109 रन की पारी खेलने के लिए डी कॉक को प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला। उन्होंने लगातार दूसरे वर्ल्ड कप मैच में शतक लगाया।

### लगातार दूसरा मैच हारा ऑस्ट्रेलिया

ऑस्ट्रेलिया को वनडे वर्ल्ड कप में लगातार दूसरी हार मिली है। टीम को इससे पहले भारत के खिलाफ 6 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। दूसरी ओर साउथ अफ्रीका ने लगातार दूसरा मुकाबला जीता है। टीम ने पहले मुकाबले में श्रीलंका को 102 रन से हराया था। पॉइंट्स टेबल में 4 पॉइंट्स के साथ साउथ अफ्रीका पहले नंबर पर पहुंच गया है, जबकि कंगारू टीम 9वें नंबर पर पहुंच गई।




### पहले पावरप्ले में तीन विकेट गिरे

ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत बहुत निराशाजनक रही। पहले पावरप्ले में ऑस्ट्रेलिया ने 3 विकेट खो दिए। ऑस्ट्रेलिया के टॉप 3 बैटर मिचेल मार्श, डेविड वॉर्नर और स्टीव स्मिथ पवेलियन लौट गए।

### गलत डिसीजन के शिकार हुए स्टोयनिस

मार्कस स्टोयनिस ऑस्ट्रेलिया के छठे विकेट के रूप में आउट हुए। कगिसो रबाडा की गेंद (18वें ओवर की तीसरी गेंद) लेग स्टंप को छोड़ते हुए निकल रही थी। स्टोयनिस ने इस पर बल्ला लगाने की कोशिश की। जब गेंद बैट के पास से गुजर रही थी तब हल्की सी आवाज आई। साउथ अफ्रीकी विकेट कीपर और अन्य प्लेयर्स ने कॉट बिहाइंड की अपील की, लेकिन फील्ड अंपायर ने नॉट आउट करार दिया। इसके बाद रिव्यू लिया गया। रिव्यू में थर्ड अंपायर ने स्निको मीटर में आवाज आने के कारण स्टोयनिस को आउट दे दिया।

## एक नजर

## भारत-पाक वर्ल्ड कप मैच में बारिश का खतरा

### मौसम विभाग ने जताई आशंका, एशिया कप में धुला था लीग मैच

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 14 अक्टूबर को भारत-पाकिस्तान के बीच क्रिकेट वर्ल्ड कप का मैच होना है। इसी बीच ऐसी खबर आ रही है, जिससे फैंस थोड़े मायूस हो सकते हैं। मौसम विभाग ने 14 और 15 अक्टूबर को अहमदाबाद शहर समेत मध्य और उत्तर गुजरात के कुछ जिलों में हल्की बारिश की आशंका जताई है। भारत-पाकिस्तान समेत किसी भी लीग मैच के लिए रिजर्व-डे नहीं रखा गया है।



### एशिया कप में धुल गया था भारत-पाकिस्तान मैच

वर्ल्ड कप से ठीक पहले श्रीलंका में हुए एशिया कप में भी भारत और पाकिस्तान के बीच लीग मैच बारिश के कारण के कारण पूरा नहीं हो पाया था। उस मुकाबले में भारत की पारी ही मुमकिन हो पाई थी। पाकिस्तान टीम की बल्लेबाजी से पहले बारिश शुरू हो गई और खेल दोबारा शुरू नहीं हो सका। इसके बाद सुपर-4 स्टेज में भारत-पाकिस्तान मैच के लिए रिजर्व-डे रखा गया। इस मैच में भी बारिश ने खलल डाला और रिजर्व-डे पर मुकाबला पूरा हो सका। इससे पहले 2019 वर्ल्ड कप में भी भारत-पाकिस्तान मैच में बारिश हुई थी। हालांकि तब मैच पूरा हो गया था।

## नीरज चोपड़ा वर्ल्ड एथलीट ऑफ द ईयर के लिए नॉमिनेट-11 दिसंबर को होगा विनर का ऐलान; एशियन गेम्स में जीते थे गोल्ड मेडल

भारत के स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा को वर्ल्ड एथलीट ऑफ द ईयर अवॉर्ड 2023 के लिए नॉमिनेट किया गया है। नीरज को इस साल वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप और एशियन गेम्स 2022 में गोल्ड मेडल जीतने के लिए नॉमिनेट किया गया है। वर्ल्ड एथलीट ऑफ द ईयर अवॉर्ड के लिए इस बार दुनिया भर के 11 खिलाड़ियों को नॉमिनेट किया गया है। विनर का ऐलान 11 दिसंबर को वर्ल्ड एथलेटिक्स के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर किया जाएगा।



### 19वें एशियन गेम्स में गोल्ड मेडल जीते

ओलिंपिक गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा ने इसी महीने खत्म हुए 19वें एशियन गेम्स में अपना दबदबा कायम रखते हुए एशियाड में लगातार दूसरी बार गोल्ड जीता था। नीरज ने 88.88 मीटर का डिस्टेंस कवर करते हुए गोल्ड अपने नाम किया। इससे पहले, नीरज ने अगस्त में हंगरी के बुडापेस्ट में खेली गई वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भी गोल्ड मेडल जीता था।

## वर्ल्ड कप के लिए दो पाकिस्तानी मिला वीजा

### 14 अक्टूबर को भारत-पाक वर्ल्ड कप मैच में शामिल हो सकते हैं

इंडियन हाई कमीशन (भारतीय उच्चायोग) ने भारत में चल रहे मौजूदा वर्ल्ड कप के वीजा जारी करने के लिए पाकिस्तानी पत्रकारों से संपर्क करना शुरू कर दिया है। न्यूज एजेंसी PTI ने कई पत्रकारों से उनके वीजा के बारे में बात की और उनमें से दो ने पुष्टि की कि उन्हें वर्ल्ड कप के लिए वीजा मिल गया है।




### कई जर्नलिस्ट ने वर्ल्ड कप के लिए नहीं जाने का फैसला किया

कराची में सिंध स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि कई जर्नलिस्ट ने वर्ल्ड कप के लिए नहीं जाने का फैसला किया है। आज यानी गुरुवार को विदेश कार्यालय के प्रवक्ता ने भी कहा कि वे पाकिस्तानी जर्नलिस्ट और प्रशंसकों को वीजा जारी करने के लिए भारतीय अधिकारियों के संपर्क में हैं।

### 14 अक्टूबर को खेला जाएगा भारत-पाक मैच

14 अक्टूबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में वर्ल्ड कप के दौरान भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला खेला जाना है। इससे पहले दोनों टीमें अहमदाबाद पहुंच चुकी हैं।

पाकिस्तान वर्ल्ड कप में जीत से शुरुआत किया। पाकिस्तान ने अपने पहले मुकाबले में नीदरलैंड्स को हराया। दूसरे मैच में श्रीलंका को छह विकेट से हराया। वहीं भारत भी अपने दोनों शुरुआती मैच जीतकर तीसरा मैच खेलेगा।

### अहमदाबाद में चार गुना बढ़ी टीम इंडिया की सुरक्षा

## भारत-पाक मैच के लिए 12 हजार सुरक्षाकर्मी, बॉम्ब स्क्वॉड और एंटी ड्रोन टीम भी

**अहमदाबाद।** खालिस्तानी आतंकियों की धमकी के बाद टीम इंडिया की सुरक्षा व्यवस्था करीब 4 गुना बढ़ा दी गई है। गुरुवार शाम भारतीय टीम के खिलाड़ियों को कड़ी सुरक्षा के साथ अहमदाबाद के सरदार वल्लभ भाई पटेल इंटरनेशनल एयरपोर्ट से नर्मदा होटल लाया गया।

इस दौरान एक DCP, एक SP, 4 PI, 5 PSI और 100 से अधिक पुलिस, सुरक्षाकर्मी, BDDS और CISF के जवान तैनात रहे। 14 अक्टूबर को अहमदाबाद के PM नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में भारत-पाकिस्तान मुकाबला खेला जाना है। खिलाड़ियों की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की कोई कोताही नहीं बरती जा रही है। अब खिलाड़ी का सुरक्षा घेरा पहले से ज्यादा मजबूत है। एक समय टीम इंडिया के आने पर यहां 2 PCR वैन टीम की सुरक्षा में लगाई जाती थीं, लेकिन आज DCP से लेकर सैकड़ों पुलिस कर्मी लगे हुए हैं। टीम इंडिया की सुरक्षा का जिम्मा गुजरात पुलिस ने लिया है। भारतीय सुरक्षा एजेंसियों ने भारत के साथ-साथ पाकिस्तानी टीम के खिलाड़ियों का भी ध्यान रखा है। पाकिस्तान टीम के खिलाड़ियों के होटल हयात में ठहरने के अरेंजमेंट किए गए हैं। गुजरात पुलिस ने पिछले 2 दिनों से होटल के आसपास सुरक्षा पहरा सख्त कर दिया गया है। होटल के आसपास भी पुलिस घेराबंदी कर दी गई है। इस होटल में केवल पाकिस्तान टीम और उनके मैनेजमेंट के सदस्य ही हैं। इस दौरान किसी अन्य व्यक्ति को होटल में प्रवेश की अनुमति नहीं है। सुरक्षा व्यवस्था 15 अक्टूबर तक रहेगी।



# पहाड़ी कोरवाओं ने लिया मतदान का संकल्प, स्वीप की टीम कर रही जागरूक

विशेष पिछड़ी जनजाति क्षेत्रों, दूरस्थ ग्रामीण इलाकों सहित महाविद्यालयों में मतदाता जागरूकता अभियान का किया जा रहा आयोजन








जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

विधानसभा निर्वाचन.2023 में मतदाताओं की शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कोरबा जिले में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार के निर्देशन व जिला स्वीप नोडल अधिकारी विश्वदीप के मार्गदर्शन में सतत् रूप से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत मतदाता जागरूकता टीम के द्वारा जिले के दूरस्थ वनांचलों, पहाड़ी क्षेत्रों सहित महाविद्यालय व विद्यालय में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें मतदान के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं।

### मतदान में शत-प्रतिशत भागीदारी के लिए किया जा रहा जागरूक

स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता टीम द्वारा दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में रहने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा, पंडो और बिरहोर आदिवासियों के बीच पहुंचकर उन्हें मतदान के लिए जागरूक करने हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया। विशेष पिछड़ी जनजाति बाहुल्य क्षेत्र ग्राम छातासराई,कदमझरिया, हरदीमौहा, जामभांठा व सोनारी में मतदाता जागरूकता टीम द्वारा ग्रामीणों को विधानसभा निर्वाचन में मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। मतदाता जागरूकता टीम के प्रभारी अनिल रात्रे के अनुसार स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जिले भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। जिसके तहत जिले के सुदूर वनांचल में निवासरत 18 वर्ष या इससे अधिक आयु के विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों को भी मतदान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

### जटगा के ग्रामीणों एवं नए वोटर के साथ ही नव विवाहिताओं को मतदान का बताया गया महत्व

इसी कड़ी में आज जिले के विकासखण्ड पोड़ी.उपरोड़ा के ग्राम जटगा एवं पसान में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें समूह की महिलाओं, ग्रामीण एवं नए वोटर के साथ साथ नव विवाहिता मतदाताओ को मतदान का महत्व बताया गया। सभी ने शत प्रतिशत मतदान करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मतदाताओं ने बिना लोभ.प्रलोभन में आए, निष्पक्ष मतदान करने की बात कही। इस दौरान 18 वर्ष पूर्ण कर मतदाता सूची में नए वोटर के रूप में शामिल हुए युवा, मतदान को लेकर उत्साहित नजर आए।

### कमला नेहरू महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को मतदान में भाग लेने दिलाई गई शपथ

मतदान के प्रति युवाओं में जागरूकता लाने हेतु स्वीप के तहत जिले के सभी विद्यालय एवं महाविद्यालयों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज कमला नेहरू महाविद्यालय कोरबा में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं को मतदान की उपयोगिता की विस्तृत जानकारी देते हुए शपथ पत्र का वाचन किया गया। साथ ही लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने हेतु संकल्प दिलाया गया।

## एक नजर

### मतदान केन्द्र परिसर के मुख्य द्वार और प्रवेश द्वार पर अंकित होगी विशिष्टियां

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने सात दिवस के भीतर पूरा करने के दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

विधानसभा समान्य निर्वाचन-2023 हेतु जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों में पहचान एवं मतदाताओं की सुविधा के लिए प्रत्येक मतदान केन्द्र परिसर के मुख्य द्वार पर एवं मतदान कक्ष के प्रवेश द्वार पर पीले रंग के पृष्ठ,बेक ग्राउंड, पर काले रंग से अंकित की जायेगी। जिसमें निम्न विशिष्टियां अंकित होगी। विधानसभा निर्वाचन-2023 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र का क्रमांक एवं नाम, मतदान केन्द्र का क्रमांक एवं नाम, मतदान केन्द्र में सम्मिलित क्षेत्र, मतदान तिथि, मतदान का समय और कुल मतदाता अंकित करना होगा। कलेक्टर पीएस एल्मा ने संबंधित अधिकारियों को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा जारी निर्देशानुसार तत्काल कार्रवाई सात दिवस के भीतर पूरी करने के निर्देश दिये।

### डाक मतपत्र वितरण, संकलन हेतु विधानसभावार दल गठित

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार ने आदेश जारी कर विधानसभा चुनाव 2023 में डाक मतपत्र के वितरण व संकलन आदि से संबंधित समस्त कार्यों हेतु विधानसभावार दलों का गठन किया है, गठित दल नोडल अधिकारी दिनेश कुमार नाग, अपर कलेक्टर के मार्गदर्शन में डाक मत पत्र संबंधी कार्यों का संपादन सुनिश्चित करेंगे। जारी आदेश के अनुसार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 20 रामपुर के लिए डाक मत पत्र संबंधी फार्म.12 वितरण, संकलन, निर्वाचन नामावली से आवेदन पत्रों का सत्यापन कार्य, मतदाता सूची अवलोकन चिन्हांकन, समन्वयकमत पत्र तैयार कराना आदि कार्य हेतु चंद्रगुप्त चंदेल तकनीकी सहायक जनपद पंचायत करतला, महेन्द्र कुमार रात्रे सहायक ग्रेड.3 जनपद पंचायत करतला, सुनील कुमार सहायक ग्रेड.3 जनपद पंचायत करतला,बलवीर सिंह भारद्वाज कल्याण अधिकारी श्रम विभाग कोरबा,हरि किशन देवांगन डाटा एंट्री ऑपरेटर जनपद पंचायत करतला,आशीष किरण डाटा एंट्री ऑपरेटर श्रम विभाग कोरबा, पंकज भारद्वाज लेखापाल श्रम विभाग कोरबा एवं रामेशर राम कंवर भृत्य ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कोरबा की ड्यूटी निर्धारित की गई है।

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 21 कोरबा हेतु उक्त कार्यों के लिए गायत्री लहरे सहायक सांख्यिकी अधिकारी जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय,तरूण शर्मा तकनीकी सहायक जनपद पंचायत पोड़ी.उपरोड़ा, रविशंकर दिवाकर डाटा एंट्री ऑपरेटर जनपद पंचायत कोरबा,आशीष तोंडे सहायक ग्रेड.3 जनपद पंचायत कोरबा, तुलाराम चौहान सहायक ग्रेड.3 जनपद पंचायत कोरबा, छबिल कुमार साय सहायक ग्रेड.3 जनपदपंचायत कटघोरा,लोकेश बीएफटी जनपद पंचायत कोरबा,संतोष कुमार सिदार भृत्य एएनएम ट्रेनिंग सेंटर कोरबा को ड्यूटी निर्धारित की गई है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 22 कटघोरा में उक्त निर्वाचन कार्यों हेतु कमलेश मिश्रा तकनीकी सहायक जनपद पंचायत कटघोराए,योगेश प्रताप सिंह सहायक ग्रेड.3 जनपद पंचायत कोरबा,सैयद साहिद अली लेखापाल जनपद पंचायत कटघोरा पंचायत एवं कल्याण विभाग की ड्यूटी निर्धारित की गई है। उपरोक्त सभी अधिकारी.कर्मचारियों को उप संचालक जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय कोरबा, कक्ष क्रमांक 29 प्रथम तल में अपनी उपस्थिति देने हेतु निर्देशित किया गया है।

### अवैध शराब बेचने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर** । राजधानी पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अवैध शराब बेचने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 90 पाव देशी शराब, क्रिी रकम 830 रुपए और एक बाइक जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार उरला पुलिस ने बीरगांव ईतवारी बाजार के पास अवैध शराब बेचते आरोपी डोमन बंछोर 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 35 पाव देशी शराब जब्त किया है। इसी तरह खरोरा पुलिस ने ग्राम खौली तालाब पार में आरोपी गौतम चंद्राकर 37 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 39 पाव देशी शराब, बाइक व बिक्री रकम 380 रुपए जब्त किया है। वहीं मंदिरहसौद पुलिस ने ग्राम तुलसी रावणभाठा में आरोपी राजेश्वर बंजारे 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 16 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 450 रुपए जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# कुनकुरी विधान सभा निर्वाचन हेतु नियंत्रण कक्ष स्थापित

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



आगामी विधान सभा निर्वाचन 2023 जशपुर जिले में 17 नवम्बर 2023 को संपन्न होने जा रहा है। इस हेतु विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र 13 कुनकुरी में अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कुनकुरी द्वारा निर्वाचन संबंधी प्रारंभिक प्रक्रियाओं के तहत् कानूनगो शाखा कक्ष क्रमांक.02 में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। जिसका दूरभाष क्रमांक 07764.296765 है। सप्ताह के सातों दिवस 24 घंटे निरन्तर क्रियाशील नियंत्रण कक्ष के प्रभारी अधिकारी पीसी जायसवाल, फ ील्ड ऑफि सर रेशम विभाग कुनकुरी संपर्क नम्बर 7999121004 तथा सह प्रभारी बनमाली कश्यप, उप पंजीयक कुनकुरी संपर्क 6267544394 है। नियंत्रण कक्ष द्वारा विधान सभा निर्वाचन 2023 के परिप्रेक्ष्य में विभिन्न विभागों तथा निर्वाचन में दायित्वाधीन मैदानी कर्मियों से सूचनाओं का आदान-प्रदान सुलभ हो सकेगा। नियंत्रण कक्ष में प्रथम शिफ्ट प्रात: 8.00 बजे से अपराह्न 2.00 बजे तक कुमारी अरुणा देवी ग्रंथपाल शा. बालासाहेब देशपांडे महाविद्यालय कुनकुरी संपर्क 9407722532 तथा कुमारी प्राची मिंज सहा ग्रेड.03 लोनिवि कुनकुरी संपर्क 8917593582, द्वितीय शिफ्ट में अपराहन 2 बजे से रात्रि 9 बजे तक संदीप खेस्स सहा.ग्रेड.02 शाउमा वि.बासनताला संपर्क 7828999460 तथा संदीप मिंज सहा ग्रेड.03 शाउमा वि.केराडीह संपर्क नम्बर 7987868071, तृतीय शिफ्ट रात्रि 9 बजे से प्रात: 08. बजे बोनीफ ास किस्पोट्टा अमीन जल संसाधन विभाग कुनकुरी संपर्क नम्बर 7999957704 तथा समीर बाबू राम सहायक ग्रेड.03 कार्यालय विख शिक्षा अधिकारी कुनकुरी संपर्क नम्बर 8889520426 सहयोगी के रूप में कार्यरत रहेंगे।

# नाबालिग के साथ छेड़छाड़ करने वाला आरोपी युवक गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।




प्रार्थी ने थाना नवागढ़ में रिपोर्ट दर्ज करायी कि घटना समय 10 अक्टूबर 2023 के लगभग 12.30 बजे को प्रार्थी की नाबालिग पुत्री/पीड़िता स्कूल से अपने घर जा रही थी कि घर जाते समय रास्ते में आरोपी रामपाल जोशी द्वारा अपने मोटर सायकल में घर छोड़ने की जीद करके मोटर सायकल में बैठाकर खंडहर घर में ले जाकर गलत नियत से जबरदस्ती हाथ खींच कर खंडहर घर के अंदर ले जा रहा था कि उसी समय पीड़िता की जोर से चिल्लाने की आवाज सुनकर रास्ते से गुजर रहे व्यक्ति नें खंडहर घर के पास आया तो आरोपी ने बालिका को छोडकर भाग गया तथा उक्त व्यक्ति द्वारा पीड़िता को उसके घर ले जाकर उनकी माता को घटना के संबंध में बताया। उक्त घटना की रिपोर्ट पर से थाना नवागढ़ में अपराध सदर धारा 354 भादवि एवं 8 पाक्सो एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियों को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता भापुसे के निर्देशन पर अतिण्पुलिस अधीक्षक बेमेतरा पंकज पटेल के द्वारा एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की एवं थाना स्टाफ ने आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। प्रकरण के विवेचना दौरान जिला बेमेतरा के थाना नवागढ़ क्षेत्रांतर्गत रहने वाले आरोपी रामपाल जोशी पिता स्व. भूपाल भोपाल, जोशी उम्र 26 वर्ष को 11 अक्टूबर 2023 को विधिवत गिरफ्तार कर 12 अक्टूबर 2023 को न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय बेमेतरा में पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना नवागढ़ प्रभारी निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा, आरक्षक अमित यादवए हेम प्रसाद साहू, फिरोज साहू एवं अन्य थाना स्टाफ का सराहनी भुमिका रही है।

### पहाड़ी कोरवाओं ने लिया मतदान का संकल्प, स्वीप की टीम कर रही है जागरूक

**कोरबा** । विधानसभा निर्वाचन-2023 में मतदाताओं की शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कोरबा जिले में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सौरभ कुमार के निर्देशन व जिला स्वीप नोडल अधिकारी श्री विश्वदीप के मार्गदर्शन में सतत् रूप से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत मतदाता जागरूकता टीम के द्वारा जिले के दूरस्थ वनांचलों, पहाड़ी क्षेत्रों सहित महाविद्यालय व विद्यालय में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें मतदान के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं।

**मतदान में शत-प्रतिशत भागीदारी के लिए किया जा रहा जागरूक:-** स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता टीम द्वारा दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में रहने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा, पंडो और बिरहोर आदिवासियों के बीच पहुंचकर उन्हें मतदान के लिए जागरूक करने हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया। विशेष पिछड़ी जनजाति बाहुल्य क्षेत्र ग्राम छातासराई, कदमझरिया, हरदीमौहा, जामभांठा व सोनारी में मतदाता जागरूकता टीम द्वारा ग्रामीणों को विधानसभा निर्वाचन में मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। मतदाता जागरूकता टीम के प्रभारी श्री अनिल रात्रे के अनुसार स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जिले भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। जिसके तहत जिले के सुदूर वनांचल में निवासरत 18 वर्ष या इससे अधिक आयु के विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों को भी मतदान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

### सुरक्षा निधि के नाम पर 23 लाख की धोखाधड़ी

**रायपुर** । मेडिकल दुकान संचालन के नाम पर 23 लाख रुपए सुरक्षा निधि जमा कराकर धोखाधड़ी किया। प्रार्थी की शिकायत पर तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मुकेश झा निवासी कैलाशपुरी टिकरापारा ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी दिनेश गिरी गोश्वामीर, प्रवीण रूस्तम राव व उर्वसी फुलझीले ने प्रार्थी को बिना लायसेंस का अस्पताल का संचालन कर रहा है और न्यू रायपुरा अस्पताल में मेडिकल दुकान का संचालन कर रहा है। जिससे सुरक्षा निधि के नाम पर आरोपियों ने प्रार्थी से 23 लाख रुपए जमा करा लिए। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# बिना किसी के दबाव में निष्पक्षता के साथ करें कार्रवाई - कलेक्टर

चेकपोस्ट का निरीक्षण कर, एसएसटी दल को दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-दोनरापाल।



दोरनापाल कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हरिस एस ने पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण के साथ चेकपोस्ट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अवैध पदार्थोंए नगदी राशिए अवैध शराबए शस्त्र तथा अन्य संदेहास्पद वस्तुओं की आवाजाही पर निगरानी रखने एवं अवैध पदाथों के परिवहन संबंधी शिकायतों पर सख्त कार्यवाही करने के और बिना किसी के दबाव में निष्पक्षता के साथ कार्रवाई करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। साथ ही दुपहिया सहित अन्य वाहनों की गहन जाँच करने के निर्देश दिए। चेकपोस्ट के निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहा कि निर्वाचन की घोषणा के साथ ही स्थैतिक निगरानी दलों का कार्य प्रारंभ हो जाता है। उन्होंने निगरानी दलों को पूरी सतर्कता एवं तत्परता के साथ कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया तथा निष्पक्ष निर्वाचन के लिए अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरतापूर्वक निर्वहन करने के भी निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्ययों की निगरानी हेतु स्थैतिक निगरानी दल एसएसटी का गठन किया गया है। यह एसएसटी दल नाकों पर बाहर से आने जाने वाले लोगों पर कड़ी निगरानी रखती है और वहां से गुजरने वाले दोपहिया और चारपहिया वाहनों की भी सघन जांच करती है। इन दलों द्वारा संदेहास्पद वस्तुओं की वीडियोग्राफी भी करायी जाती है।

विधानसभा निर्वाचन 2023

# मास्टर ट्रेनर, सेक्टर अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

मास्टर ट्रेनर ने कलेक्टर के उपस्थिति में ईव्हीएम, वीवीपैट के संचालन गतिविधियों की बारीकियों को डेमोंसट्रेशन कर दिखाया

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।





*** निर्वाचन महत्वपूर्ण कार्य छोटी-छोटी बारीकियों को गंभीरता से समझे प्रैक्टिकल कर करें शंकाओं का समाधान-कलेक्टर**

आगामी विधानसभा निर्वाचन के अंतर्गत निर्वाचन कार्य से जुड़े अधिकारियों और मतदान दलों को दक्ष बनाने और निर्वाचन से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराने के उद्देश्य से विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिला पंचायत सभा कक्ष में मास्टर ट्रेनर एवं सेक्टर अधिकारियों को ईवीएमएवीवीपीएटएपोस्टल बैलेट सहित मतदान प्रक्रिया के विभिन्न बिंदुओं की बारीकी डेमोंसट्रेशन कर ईवीएम के संचालन के बारे में प्रशिक्षण जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर द्वारा दिया गया। जिसमें जशपुर, कुनकुरी, पत्थलगांव विधानसभा के मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण में शामिल हुए। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर डी आर राठिया, सहायक प्राध्यापक, शासकीय एन ई एस महाविद्यालय जशपुर,टी आर पाटले, सहायक प्राध्यापक, ठाकुर शोभा सिंह शासकीय महाविद्यालय पत्थलगांव, डॉ शशि कुमार मारकंडे, सहायक प्राध्यापक, ठाकुर शोभा सिंह शासकीय महाविद्यालय पत्थलगांव, प्रोफेसर विनायक साय, सहायक प्राध्यापक शासकीय बालासाहेब देशपांडे महाविद्यालय कुनकुरी के मास्टर ट्रेनरों ने मतदान दलों को दिए जाने वाले ईव्हीएम मशीन के संचालन के संबंध में प्रशिक्षण के साथ प्रपत्रों को भरने का तरीका बारी बारी से कलेक्टर डॉ रवि मित्तल एव जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा की उपस्थित में मास्टर ट्रेनर ईव्हीएमए बैलट यूनिटएवीवीपैट को प्रेक्टिकल करबताया गया। आयोजित प्रशिक्षण में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ रवि मित्तल ने कहा कि प्रत्येक चुनाव में मास्टर ट्रेनर की बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका होती है, इसलिए निर्वाचन के महत्वपूर्ण कार्य छोटी-छोटी बारीकियों को गंभीरता से समझे प्रैक्टिकल कर करें शंकाओं का समाधान करे।चुनाव की हर प्रक्रिया की पूरी जानकारी रखें। प्रशिक्षण में दी जा रही सभी जानकारियों को आत्मसात कर लें। जिससे चुनाव के समय किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो। कलेक्टर ने कहा कि सेक्टर अधिकारी अपने सेक्टर के सभी मतदान केंद्रों का भ्रमण करके उनके संबंध में निर्धारित प्रपत्र में रिपोर्ट प्रस्तुत करें। निर्वाचन में मतदान केन्द्रों की वेबकास्टिंग किया जाएगा। ऐसे मतदान केन्द्रों का चिन्हांकन समय पूर्व कर लेवें। इन मतदान केन्द्रों में नेटवर्क की सुविधा का भी परीक्षण कर लें। उन्होंने कहा कि सेक्टर अधिकारी अपने केन्द्रों में न्यूनतम आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित कर रिपोर्ट भेजें। उन्होंने यह भी कहा कि संवेदनशील मतदान केन्द्रों के लिए अतिरिक्त सावधानी बरतते हुए अभी से आवश्यक तैयारी कर लेवें। जिला पंचायत सीईओ सभी मास्टर ट्रेनर को मतदान प्रक्रिया, ईवीएम मशीन के सभी पहलुओं की जानकारी रखें और गुणवत्तापूर्ण मतदान दलों को बेहतर प्रशिक्षण प्रदान करें। सभी बारीकियों को समझ कर मतदान दल के सभी शंकाओं को दूर करें। स्वीप नोडल अधिकारी विनोद गुप्ता ने मास्टर ट्रेनर को ईव्हीएमए बैलट यूनिटएवीवीपैट के सभी बारीकियों को बताया और शंकाओं को दूर किया। प्रशिक्षण में निर्वाचन कार्य के सुचारू रूप से संपादन के लिए मतदान दलों को मतदान दिवस पर किए जाने वाले गतिविधियों की जानकारी से भली भांति प्रशिक्षित करने के साथ ही उन्हें उनके कर्तव्य और दायित्व की जानकारी भी दी गई। साथ ही मतदान समाप्ति के पश्चात किए जाने वाले कर्तव्य रिकार्ड किए गए मतों का लेखा सभी संबंधित प्रपत्रों को भरने और अन्य सावधानियों के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। मतदान दलों को ईवीएम मशीन के संचालन माकपोल के संबंध में भी प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा, एसडीएम प्रशांत कुशवाहा, तहसीलदार, स्वीप नोडल अधिकारी विनोद कुमार गुप्ता मास्टर ट्रेनर्स एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। आयोजित प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर एसेक्टर अधिकारियों को जिला स्तरीय सभी मास्टर ट्रेनरों ने ईव्हीएम, वीवीपैट मशीनों के संचालन, विभिन्न गतिविधियों, बरती जानी वाली सावधानियों के बारे में अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया। इस दौरान मशीनों में टैग लगाने, संचालन करने, चालू.बंद करने, पीठासीन अधिकारी का दायित्व, मतदान दल, मतदान सामग्री ईवीएम, मतदाता सूची, सीलिंग कार्य, मतदान पूर्व की तैयारी, मतदान के दिन की तैयारी, मतदान अभिकर्ता, ईवीएम मशीन को जोड़ना, मॉक पोल प्रक्रिया, वास्तविक मतदान कराने, ईवीएम को सील करने की सामग्री, वीवीपीएटी, मतदाता की चिन्हित प्रति, अमिट स्याही, मतदाता के हस्ताक्षर, मतदान अधिकारी एक, दो, तीन अधिकारी के दायित्व, मतदाता पर्ची, मतदान कक्ष में प्रवेश सहित अन्य बिंदुओं पर बारीकी से सभी पहलुओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में आदर्श आचार संहिता, ईव्हीएम मशीन के संचालन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। सेक्टर तथा नोडल अधिकारियों के कर्तव्य तथा ईव्हीएम मशीन के संचालन प्रक्रिया को डेमो के जरिए संचालित करके दिखाया गया। इसके साथ ही सेक्टर अधिकारियों को अपने.अपने सेक्टर में दी गई जिम्मेदारियों के निर्वहन के संबंध में विस्तार से बताया गया।

# क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री जोरों पर,खुले में बिक रही शराब किसके इशारे पर हो रही सप्लाई

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।

**ग्राम हथबंद परीक्षेत्र में गली मोहल्ले में अवैध शराब की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है शिकायत के बाद आबकारी विभाग का कोई पता नहीं है क्षेत्र में नशे का करोबार इस कदर फल फूल रहा है**




इस बात का अंदाजा जगह जगह पड़े चौंक चौराहों में डिस्पोजल गिलास शराब की खाली बोतलें पड़ी मिल रही है गली मुहल्ले में शराब बिकने से युवा के साथ बच्चे भी नशे के गिरफ्त में आ रहे है सब कुछ जानने के बाद जिम्मेदार लोग चुप्पी साधे हुए है कुछ ग्राम में नकली अवैध शराब निर्माण एवम बिक्री जारी है शिकायत पर कार्यवाही नही होती बल्कि बड़े शराब माफियाओं को संरक्षण दिया जा रहा है जिसके माध्यम से आसपास ग्रामों में सप्लाई की जाती है शिकायत पर छोटे मोटे पीने वालो को पकड़कर खानापूर्ति के लिए कार्यवाही कर दी जाती है यह बताना आवश्यक है कि क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री अत्यधिक की जा रही है। हथबंध सहित रिंगनी,केसदा,झिरिया, सीतापार, मोहभठ्ठ, धोध,डोंगरियां, ग्रामीणों ने बिलई डबरी में हुए घटना का मुख्य कारण अवैध शराब ही बताया शराब माफिया कोचियों को घर तक पहुंचकर अवैध शराब दे रहे है क्षेत्र में नकली शराब बहुतायत मात्रा में पाई जा रही है जिसमे सीजी का होलोग्राम लगाकर बेच रहे है 25 अगस्त को ग्राम झिरिया पंचायत एवम ग्राम वासी के द्वारा शिकायत की गई थी और रिंगनी पंचायत के द्वारा भी शिकायत की गई थी जिस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई रिंगनी पंचायत के द्वारा 26 सितंबर को पंचायत बैठक में शिकायत ग्रामवासी ने किया जिसे प्रस्ताव में लिया गया है और उचित कार्यवाही करने के लिए 120 लोगों से अधिक ग्राम वासियों ने दस्तक कर सरक्षण देने वाले के ऊपर उचित कार्यवाही की मांग उच्चाधिकारियों से की करेंगे

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष घनश्याम यादव ने कहा की ग्राम में स्कूल के आसपास अवैद्य शराब की बिक्री होती है पुलिस आबकारी की कार्यवाही शून्य नजर आती है। जिला

> “ * अवैध शराब की बिक्री से ग्रामीण जन परेशान है शासन-प्रशासन की निष्क्रियता के कारण अवैध कारोबार करने वालों के हौसले बुलंद है।
>
> कालेंद्र साव,
> सरपंच सीतापार

महासचिव यूवा कांग्रेस विनय शुक्ला ने कहा की ग्राम में गांजा शराब धड़ल्ले से बिकता है। शिकायत पर भी पुलिस एवम आबकारी की कोई कार्यवाही नहीं होती बल्कि कुछ लोगों को सरक्षण प्राप्त है जो बेझिझक अवैद्य कारोबार में संलिप्त है।

## कलेक्टर ने एकलव्य विद्यालय घोलेंग के छात्र तपेश्वर साय को दी बधाई एवं शुभकामनाएं

छात्र तपेश्वर साय ने राष्ट्रीय साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर जिले सहित विद्यालय का नाम किया रोशन

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने देहरादून उत्तराखंड में आयोजित चतुर्थ राष्ट्रीय साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर जिले एवं एकलव्य विद्यालय घोलेंग का नाम रोशन करने वाले छात्र तपेश्वर साय को अपनी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कलेक्टर ने छात्र से उपलब्धि और प्रतियोगिता के स्तर की जानकारी ली और उज्जवल भविष्य के साथ आवश्यक मार्गदर्शन दिए। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास पीसी लहरे ने भी छात्र को बधाई देते हुए आने वाली प्रतियोगिताओं के साथ ही शैक्षणिक क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिये प्रेरित किया और पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया। साथ ही विद्यालय के प्राचार्य दुर्गेश कुमार पाठक, छात्रावास अधीक्षिका रानू उरांव, विल्फ्रेड तिर्की एवं एकलव्य समन्वयक मनोज कुमार सोनी ने भी छात्र तपेश्वर साय को अपनी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीय है कि एकलव्य विद्यालयों की चतुर्थ राष्ट्रीय साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन 03 से 06 अक्टूबर 2023 तक देहरादून उत्तराखंड में आयोजित हुई थी। प्रतियोगिता की तात्कालिक भाषण विद्या राष्ट्रीय एकीकरण में जनजातियों की भूमिका पर थी। जिसमें एकलव्य विद्यालय घोलेंग के छात्र तपेश्वर साय ने अपनी प्रस्तुति दी और द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

## कांग्रेस एवं भाजपा से पहले आम आदमी पार्टी ने खोला कसडोल विधानसभा के लिए अपना चिट्ठा

**कांग्रेस पार्टी से शकुंतला साहू तो बीजेपी से सरिता जायसवाल बन सकती है-जीताऊ चेहरा**

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।



चुनाव आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ सहित पांच राज्यों के चुनाव के तारीखों का ऐलान करते हैं सभी संबंधित राज्यों में आचार संहिता लागू हो चुका है लेकिन राजनीतिक दल कांग्रेस एवं भाजपा अभी तक छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े विधानसभा कसडोल में प्रत्याशी की घोषणा करने के लिए विचार मंथन करना पड़ रहा है।

कसडोल विधानसभा में दोनों राष्ट्रीय पार्टियों से दावेदारों की कमी नहीं दिखाई पड़ती कसडोल विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी की तरफ से सरिता जायसवाल प्रदेश कार्य समिति सदस्य महिला मोर्चा भाजपा का नाम जमीनी स्तर से राष्ट्रीय स्तर पर चल रहा है इसके अतिरिक्त भी भारतीय जनता पार्टी में बहुत सारे उम्मीदवार है आपको बता दे कि छत्तीसगढ़ के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरी शंकर अग्रवाल श्याम भाई साहू महेंद्र मोनू साहू और बहुत से पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता विधायक उम्मीदवार पद के लिए नाम सामने आ रहे हैं।

वहीं कांग्रेस विधायक उम्मीदवार के लिए रोहित साहू शकुंतला साहू विमल साहू गोपी साहू पुष्पा मोहन बंजारे एवं कांग्रेस पार्टी के सक्रिय व वरिष्ठ कार्यकर्तायों के नाम उम्मीदवारी के लिए चल रही है आगे देखने वाली बात होगी की राष्ट्रीय पार्टियों द्वारा अपने उम्मीदवार किसे अधिकृत करती है। वही आम आदमी पार्टी जो की बहुत ही कम समय में राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा प्राप्त कर चुकी है।

पार्टी ने अपने उम्मीदवार की घोषणा कर दिया है, कसडोल विधानसभा में साहू वोटर की संख्या देखते हुए साहू उम्मीदवार को पार्टी ने कसडोल विधानसभा के चुनावी मैदान में उतार दिया है।

## कलेक्टर ने आदर्श आचरण संहिता का पालन कड़ाई से करने किया निर्देशित

*शासकीय अधिकारी-कर्मचारी बिना अनुमति के अवकाश पर नहीं करेंगे प्रस्थान, अवकाश आवेदन पत्र कार्यवाही हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त*

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा 09 अक्टूबर 2023 को विधानसभा निर्वाचन 2023 की घोषणा की गई है, जिसके फलस्वरूप जिला जशपुर के अंतर्गत आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है तथा निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. रवि मित्तल ने आदर्श आचरण संहिता का पालन कड़ाई से करने के लिए निर्देशित करते हुए कहा है कि कोई भी शासकीय अधिकारी-कर्मचारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के अनुमति के बिना अवकाश पर प्रस्थान नहीं करेंगे तथा अपने निर्धारित मुख्यालय पर उपस्थित रहेंगे। निर्वाचन कार्य में आवश्यकता पड़ने पर अल्प सूचना पर अधिकारी कर्मचारी को उपस्थित होना होगा। उन्होंने अवकाश आवेदन पत्र कार्यवाही हेतु डिप्टी कलेक्टर तुलसीदास मरकाम को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। जिनका मोबाइल नम्बर.77738.70149 है।

### राजनीतिक दलों को दिया निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण व नामांकन प्रक्रिया का प्रशिक्षण



जशपुरनगर 12 अक्टूबर 2023 विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत राजनीतिक दलों के लिए आदर्श आचरण संहिता, निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण एवं नामांकन प्रक्रिया से संबंधी प्रशिक्षण अपर कलेक्टर आई एल ठाकुर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर पी चौहान के उपस्थिति में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों का प्रशिक्षण कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर प्रोफेसर डी आर राठिया ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को निर्वाचन खर्चए निगरानी के उद्देश्य एवं कानूनी प्रावधान, निर्वाचनों का संचालन, नियम, निर्वाचन व्यय, अनुवीक्षण की संरचना, उनके प्रकार एवं कार्य, व्यय निगरानी टीमों का गठन, व्यय लेखा निरीक्षण, पम्पलेट पोस्टर संबंधी निर्देश व प्रावधान, एमसीएमसी मीडिया प्रमाणन, अनुवीक्षण समिति, नामांकन पूर्व तैयार की गई प्रचार सामग्री, वाहनों पर व्यय, बैंक खातों की निगरानी, अभ्यर्थी के आपराधिक पूर्ववृत्त का प्रकाशन, वाहन अनुमति, निर्वाचन व्यय लेखे का रजिस्टर संधारण, नकद रजिस्टर, बैंक रजिस्टर का संधारण,लेखा समाधान बैठक, नाम निर्देशन पत्र, शपथ पत्र की ऑनलाइन डाटा प्रविष्टि की वैकल्पिक सुविधा, नाम निर्देशन पत्र के साथ लगने वाले आवश्यक दस्तावेजों आदि के बारे में विस्तार से प्रशिक्षण दिया। चुनाव प्रचार के दौरान अभ्यर्थी द्वारा किये गये व्यय का लेखा कैसे संधारित करना होगा विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में कांग्रेस से अजय गुप्ता, भाजपा से अरविंद कुमार,विजय सहाय, बसपा से मशीस कुमार रोशन, सीपीआईएम से अरशद आलम, आम आदमी पार्टी से सुमित पाठक, जिला कोषालय अधिकारी चंद्रकांत केवट, लेबर पदाधिकारी जीडी प्रसाद, कौशल विकास के प्रकाश यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

## कांसाबेल के छात्रावासों में हुआ स्वास्थ्य शिविर आयोजित

14 छात्रावासों के 1090 किशोर-किशोरी का स्वास्थ्य जांच कर दी गई स्वास्थ्य परामर्श

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांसाबेल के बीएमओ डॉक्टर संध्या रानी टोप्पो और महंत विकास खण्ड कार्यक्रम प्रबंधक ज्ञान दास दिशा.निर्देश में कांसाबेल विकासखंड के सभी छात्रावासों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित की गई और स्वास्थ्य टीम के द्वारा छात्रों का प्राथमिकता से स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। विदित हो कि कांसाबेल के मंडल संयोजक विकास चन्द्रा के आग्रह पर कांसाबेल विकासखण्ड में स्थित सभी बालक.बालिका छात्रावास में विशेष स्वास्थ्य दल द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण सह उपचार किया जा रहा है। छात्रावास में बच्चों के रहन-सहन में कुशल प्रबंधन के बावजूद जब अवकाश अवधी में बच्चे घर जाते हैं अथवा मौसम परिवर्तन से सामान्यत: स्वास्थ्य बिगड़ने का डर रहता है। बच्चो में खुजलीए किशोरियों में माहवारी, अनिद्रा, दांत दर्द सहित और अन्य किसी भी प्रकार से स्वास्थ्य समस्या के त्वरित निदान हेतु मंडल संयोजक के मांग पर बीएमओ कांसाबेल ने तत्काल टीम निर्धारित कर सभी छात्रावासों में बालक.बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कराया। साथ ही वरिष्ट चिकित्सालय हेतु आवश्यकता पड़ने पर रैफर करने के निर्देश दिए। कांसाबेल विकासखंड के 14 छात्रावासों में अध्ययनरत् लगभग 1090 उपस्थित किशोर-किशोरी को स्वास्थ्य जांच सह स्वास्थ्य परामर्श दिया जा चुका है। इस दौरान सीएचसी कांसाबेल के काउंसलर लिली ग्रेस मिंज द्वारा किशोरियों के माहवारी सम्बन्धी विभिन्न जानकारी दिया गया साथ ही किशोर में स्वप्नदोष सहित अन्य लक्षण के निदान एवं दुष्प्रभाव के विषय में विस्तृत जानकारी बताया गया। काउंसलर द्वारा राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के विभिन्न गांव में चयनित पियर एजुकेटर जिन्हें साथिया नाम से जाना जाता है के विषय पूर्ण जानकारी दी। बीएमओ कांसाबेल द्वारा माह में दो बार प्रत्येक छात्रावास का स्वास्थ्य परीक्षण किए जाने की बात कही। साथ ही विशेष आवश्यकता होने पर आकस्मिक शिविर भी लगाए जाने के संबंध में जानकारी दी।



## एक नजर

### शासकीय महाविद्यालय नवागढ़ में रक्तदान शिविर आयोजित

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

शासकीय के.आर.डी.महाविद्यालय नवागढ़ में रेड क्रॉस सोसाइटी के तत्वाधान मे स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। जिसमें 13 यूनिट ब्लड डोनेट हुआ, यह रक्तदान शिविर कलेक्टर पीएस एल्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जी.एल टंडन के निर्देश में रखा गया। उक्त कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ. एस.आर. चुरेंद्र, कॉलेज प्राचार्य, छात्र-छात्राओं और टीचर, जिला संगठक रेड क्रॉस और सभी सम्माननीयगण उपस्थित थे। सभी के सहयोग से रक्तदान शिविर सफल रहा रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देखकर सम्मानित किया गया। जिला अस्पताल बेमेतरा के द्वारा सभी रक्तदाताओं धन्यवाद दिया।

### जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष हेतु प्रभारी अधिकारी नियुक्त

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.रवि मित्तल ने महिला एवं बाल विकास विभाग जशपुर के जिला कार्यक्रम अधिकारी रेणु प्रकाश को जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष हेतु प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया है। विदित हो कि विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु जिला कार्यालय जशपुर के कक्ष क्रमांक 150 में जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष, दूरभाष नं.07763.299488 की स्थापना किया गया है।

विधान सभा निर्वाचन 2023

### कलेक्टर ने जिले के सम्पूर्ण डीजल.पेट्रोल पंप अनुज्ञप्तिधारियों को पंप में पेट्रोल.डीजल सुरक्षित भण्डार बनाये रखने किया आदेशित

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

विधानसभा निर्वाचन वर्ष 2023 की आचार संहिता लागू हो जाने के कारण चुनाव कार्य के सुचारू रूप से संचालन हेतु पेट्रोल.डीजल पंपों में आवश्यकता अनुसार पेट्रोल.डीजल का रिजर्व स्टॉक संधारित करने के संबंध में कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने छग मोटर स्पिरिट तथा हाई स्पीड डीजल ऑयल अनुज्ञापन तथा नियंत्रण आदेश 1980 की कंडिका 10 में प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुये जिले के सम्पूर्ण डीजल.पेट्रोल पंप अनुज्ञप्तिधारियों को उनके पेट्रोल.डीजल पंप में 2000 लीटर डीजल तथा 1000 लीटर पेट्रोल का सुरक्षित भण्डार बनाये रखने हेतु आदेशित किया है।

### अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस अवसर पर 16 अक्टूबर को वृहद स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा जिला चिकित्सालय

रांची के प्रख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित चतुर्वेदी देंगे अपनी सेवाएं

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

अंतराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर 01 से 31 अक्टूबर 2023 तक बुजूर्गों में होने वाले स्वास्थ्यगत समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुये विशेष स्वास्थ्य व जन जगरूकता माह का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 16 अक्टूबर 2023 को प्रात: 10 बजे से सायं 04 बजे तक जिला चिकित्सालय जशपुर में बुजूर्गो हेतु विशेष व वृहद स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें रांची के प्रख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ अमित चतुर्वेदी के द्वारा अपनी सेवाएं दी जावेगी।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने विकासखंड स्तर से हृदय रोग एवं अन्य रोग से ग्रसित ऐसे मरीज जिनका उपचार अथवा पहचान विकासखंड स्तर पर संभव न हो पा रहा हो उन्हें जिला चिकित्सालय स्तर पर आयोजित होने वाले मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर में अनिवार्य रूप से भेजने हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समस्त खण्ड चिकित्सा अधिकारी एवं विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक, एनएचएम को निर्देशित किया गया है। साथ ही निर्धारित तिथि एवं समय में अपने.अपने विकासखंड से न्यूनतम 15.15 मरीजों का चिन्हांकन कर मेगा स्वास्थ्य जॉच शिविर में भेजने के लिए कहा है। मरीजों को शिविर स्थल तक लाने हेतु चिरायु दल के वाहन का उपयोग किया जाएगा।

### महिला से दुष्कर्म, आरोपी हिरासत में

**रायपुर** । सरोरा में महिला से दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर उरला पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार सरोरा निवासी 40 वर्षीय प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी मुन्ना खान 30 वर्ष ने प्रार्थिया को घर में अकेली पाकर जबरन संबंध बनाया। प्रार्थिया की शिकायत पर उरला पुलिस ने आरोपी के खिलाफअपराध दर्ज कर हिरासत में लिया है।

## नवरात्रि पर्व में हिन्दू राष्ट्र निर्माण संकल्प के साथ करें विशेष आराधना- श्रीसुदर्शन संस्थान

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर चांपा।



शारदीय नवरात्रि पर्व में सभी सनातनी भक्त वृंद हिन्दू राष्ट्र निर्माण के पावन संकल्प के साथ मां आदिशक्ति की विशेष पूजा आराधना करें। पुरी शंकराचार्य द्वारा संस्थापित एवं श्रीगोवर्द्धनमठ पुरी से संबद्ध शंकराचार्य आश्रम श्रीसुदर्शन संस्थान, प्रांतीय कार्यालय से सभी देशवासियों से उक्त आराधना हेतु आह्वान किया गया है। गौरतलब है कि शिवावतार भगवत्पाद आदि शंकराचार्य महाभाग द्वारा संस्थापित चार आम्नाय पीठों में से एक पूर्वाम्नाय श्रीगोवर्द्धनमठ पुरी ओड़िशा के 145 वें श्रीमज्जगद्गुरु शंकराचार्य एवं हिन्दुओं के सार्वभौम धर्मगुरु तथा हिन्दू राष्ट्र प्रणेता पूज्यपाद स्वामी श्रीनिश्चलानन्द सरस्वतीजी महाराज चातुर्मास्य पश्चात् राष्ट्रोत्कर्ष अभियान यात्रा में भारतवर्ष भ्रमण के अंतर्गत इस समय हरियाणा, दिल्ली प्रवास पर हैं। ज्ञातव्य है कि वर्ष 2021 में चातुर्मास्य के समय उनके श्रीमुख से उद्घोषित आगामी वर्षों में हमारे देश की हिन्दू राष्ट्र संकल्पना के दो वर्ष व्यतीत हो रहे हैं तथा इन दो वर्षों में हिन्दू राष्ट्र निर्माण की भावना सभी सनातनियों के हृदय में बलवती हुई है। अपने अपने क्षेत्र में अपनी क्षमताओं के अनुसार सभी सनातनी इस पावन कार्य में संलग्न हैं। आवश्यकता इसको सामूहिक रूप प्रदान करने तथा सांगठनिक स्वरूप में शंखनाद करने की है। अत: आगामी शारदीय नवरात्रि पर्व में धर्मसंघ पीठपरिषद् आदित्यवाहिनी आनन्दवाहिनी संगठन की सभी इकाईयां अपने अपने क्षेत्र में सभी धार्मिक संगठन एवं भक्तों के साथ मिलकर सामूहिक आराधना पूजन में सम्मिलित हों। दुर्गा पण्डालों में आयोजित सभी अनुष्ठानों में विभिन्न सेवा प्रकल्पों के द्वारा सक्रिय सहभागी के साथ संगठन की सहभागिता सुनिश्चित करें साथ ही सामूहिक कन्या पूजन, भोजन एवं फल वितरण की व्यवस्था भी करें। याद रहे कि पूज्य पुरी शंकराचार्यजी अपने संदेशों में उद्धृत करते हैं कि सभी जीवों में समष्टि अभिमान समाहित होना चाहिये। जीव होते हुये हम परमात्मा के अंश है यह प्रतिक्षण स्मरण रहे। सर्वप्रथम अपने अपने घरों को ही सनातनी परम्परा की एक छोटी इकाई के रूप में स्थापित कर हिन्दू राष्ट्र निर्माण के नींव को मजबूत करें। हम सबको लगभग दो अरब वर्षों से प्रचलित हमारी सनातनी परम्परा जिसके अंतर्गत हमारी शिक्षा, भोजन , आवास, चिकित्सा, यातायात, उत्सव त्यौहार, विवाह आदि व्यवस्थायें हैं इन पर गर्व करते हुये इनका परिपालन करना और इन्हें अपनाना है क्योंकि यही हमारे हिन्दू राष्ट्र निर्माण की परिकल्पना को मजबूती प्रदान करेगा।

# चुनाव से ठीक पहले बेरोजगारी भत्ता चुनावी प्रलोभन या मास्टरस्ट्रोक

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।




छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी भत्ते के लेकर लम्बे समय से बाते चलते आ रही है। पिछले कई सालों से बेरोजगार युवाओं को न, नौकरी मिल रही थी ना ही बेरोजगारी भत्ता। पिछली सरकार के 15 साल के कार्यकाल में भी युवाओं द्वारा कई बार बेरोजगारी भत्ते की मांग की गयी थी पर उस समय की सरकार द्वारा की इसको प्राथमिकता ना देते हुए जनता की मांग पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। जब 2018 में चुनाव की बारी आयी तब कांग्रेस सरकार द्वारा घोषणा पत्र जारी कर कई वादे किये गए। जिसमे कई वादे धरातल तक पहुंच ही नहीं पाए और कई वादों के पहुंचते-पहुंचते इतना समय लग गया की चुनावी साल तक पहुंच गयी। 2018 में कांग्रेस सरकार बनते ही प्रदेश के युवा नौकरी के साथ-साथ बेरोजगारी भत्ता की मांग करने लगे। भत्ता मांगने के पीछे युवाओं का मकसद आर्थिक स्तिथि को सुधारना था कई युवा पढ़े लिखे हैं पर उन्हें ना कही नौकरी मिल रही ना कही काम इसीलिए युवा उम्मीद में बैठे थे की बेरोजगारी भत्ता की राशि से उनकी दिनचर्या की छोटी मोटी जरूरते पूरी हो जाएगी भत्ता राशि से कुछ आर्थिक स्तिथि में सुधार हो जायेगा पर चार साल बीत जाने के बाद जैसे ही चुनाव की घड़ी नजदीक आयी तब अप्रैल माह से कांग्रेस सरकार द्वारा बेरोजगारी भत्ता योजना का कार्य चालू किया गया। जिसमे पात्र युवाओं को 2500 रूपये बेरोजगारी भत्ता देने के निर्णय किया गया बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने के लिए भी कई शर्ते रखी गयी।

जिसमे आवेदक का छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना अनिवार्य है उसकी आयु 01 अप्रैल को आयु 18 वर्ष से 35 वर्ष तक होनी चाहिए आवेदक 12वीं परीक्षा उत्तीर्ण हो उसका 01 अप्रैल को 2 वर्ष पुराना रोजगार पंजीयन हो,वार्षिक आय रूपये 2,50,000 से अधिक न हो, एक परिवार से एक ही सदस्य को बेरोजगारी भत्ता मिलेगा। वर्तमान में भत्ता की एक और किस्त देने की बाते सामने आ रही। पिछले 4 सालों से बेरोजगारी भत्ता ना देकर चुनाव नजदीक आते ही बेरोजगारो को हर माह 2500 रूपये बेरोजगारी भत्ता देना सरकार पर प्रश्न चिन्ह् अंकित करता है कि कही ये चुनाव के मद्देनजर प्रलोभन तो नहीं या तो फिर ये सरकार को अगले चुनाव में फायदा भी पहुंचा सकता है। बड़ा प्रश्न यह है की पिछले 5 सालों से सरकार क्या कर रही थी घोषणा पत्र में किये गए वादे को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए पहले साल से कार्य प्रारम्भ ना करके आखरी साल में क्यू में क्यों किया गया ऐसे में सरकार के ऊपर प्रश्न चिन्ह लग रहा की कही चुनाव को देखते हुए सरकार द्वारा जनता को प्रलोभन तो नहीं दिया जा रहा। अगर जनता इसे प्रलोभन समझती है तब वर्तमान सरकार को इससे चुनाव में भारी नुकसान का सामना कर पड़ सकता है। ऐसे में जनता के हाथों में निर्णय है की जनता इसे क्या समझती है।

## मोटर साइकिल एचएफडीलक्स माइलेज टेस्ट कैंप का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़ धरमजयगढ़।




हीरो मोटो कार एवं गर्ग ऑटो धरमजयगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में एच एफडीलक्स का माइलेज टेस्ट कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें 8 मोटर साइकिल के टंकी को पेट्रोल से पूरा भरकर चालीस किलोमीटर तक रनिंग कर वापस आने पर माइलेज टेस्ट किया गया। माइलेज टेस्ट में बिसाहू राठिया बायसी का अधिकतम 152 किलोमीटर प्रति लीटर दूसरे स्थान पर सुनील कुमार बैगा रुपूंगा 124 किलोमीटर प्रति लीटर, तीसरे स्थान पर रामधन राठिया कोरबा 111 किलोमीटर प्रति लीटर रहा है। ज्यादा माइलेज पाने वाले 3 वाहन मालिक को गर्ग ऑटो के संचालक सुनील अग्रवाल के हाथों ईनाम देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर अनेक मोटर साइकिल चालक उपस्थित रहे। जिन्होंने पेट्रोल के बढ़ते दामों में ज्यादा माइलेज से राहत मिलने की बात कही।




## आदिवासी समुदाय के युवक से बर्बर मारपीट

संगीन धाराओं के तहत 6 पर केस दर्ज, दो जेल दाखिल

जोहार छत्तीसगढ़ - धरमजयगढ़।

रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र में आदिवासी समुदाय के एक युवक के साथ बर्बरता पूर्वक मारपीट करने का मामला सामने आया है। वहीं, प्रार्थी की रिपोर्ट पर इस मामले में तत्काल संज्ञान लेते हुए पुलिस द्वारा दो नामजद व अन्य चार आरोपियों के खिलाफ बलवा, एस्ट्रोसिटी एक्ट सहित अन्य कई गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। शुक्रवार को पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है। वहीं, अन्य आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।




जानकारी के मुताबिक युवक से मारपीट की इस इस घटना से जुड़ा एक वीडियो भी वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि तेज या अनियंत्रित गति से कार चलाने की बात को लेकर यह पूरा विवाद शुरू हुआ। इस घटना के बारे में मिली जानकारी के मुताबिक घटना के दिन पीड़ित अपने अन्य साथियों के साथ कार से धरमजयगढ़ नगर से गुजरकर अपने घर जा रहा था। इस दौरान कापू रोड पर दर्राघाट के पास उनकी कार फंस गई। प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि इस बीच आरोपी वहां आए और कार चलाना नहीं आने की बात कहते हुए जातिगत गालीगलौज कर बेतहाशा मारपीट की। बताया जा रहा है कि तेज गति से कार चलाने की बात को लेकर आरोपियों ने युवक का पीछा करते हुए आगे जाकर उसे रोका। जिसके बाद आरोपियों ने डंडे व लात मुक्के से युवक की पिटाई शुरू कर दी। वहीं, घटना के बाद इस मामले में पीड़ित पक्ष द्वारा स्थानीय थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई। जिस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस ने वारदात में संलिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## एक नजर

### एनटीपीसी फोर्ब्स की विश्व के सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता 2023 सूची में शामिल होने वाला एकमात्र भारतीय पी एस यू

**कोरबा** । भारत के सबसे बड़े एकीकृत ऊर्जा समूह, एनटीपीसी लिमिटेड को 10 अक्टूबर 2023 को जारी फोर्ब्स वर्ल्ड की सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता सूची 2023 में श्विश्व के सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता 2023 में से एक के रूप में मान्यता दी गई है। यह विश्व रैंकिंग में शीर्ष 700 कंपनियों में से 261 वें स्थान पर है और इस सूची में शामिल होने वाला एकमात्र भारतीय पीएसयू। यह इस बात का प्रमाण है कि एनटीपीसी में लोगों की प्रैक्टिस दुनिया की शीर्ष कंपनियों के बराबर है।

हर साल फोर्ब्स शीर्ष 700 कंपनियों की पहचान करने के लिए स्वतंत्र बाजार अनुसंधान के माध्यम से विश्व के सर्वश्रेष्ठ नियोक्ताओं की सूची प्रकाशित करता है जो रोमांचक कामकाजी और सकारात्मक माहौल, प्रशिक्षण और कैरियर उन्नति के अवसर, कर्मचारी लाभ, कर्मचारी केंद्रित और कार्यस्थल विविधता प्रदान करते हैं। फोर्ब्स ने इस वर्ष विश्व के सर्वश्रेष्ठ नियोक्ताओं की सातवीं वार्षिक सूची बनाने के लिए मार्केट रिसर्च फर्म स्टेटिस्टा के साथ साझेदारी की। यह एनटीपीसी के प्रगतिशील और पीएलएफ से पहले लोग दृष्टिकोण, निरंतर प्रक्रिया में सुधार के माध्यम से अपने मानव संसाधनों के विकास और प्रबंधन में उत्कृष्टता, एक देखभाल, सीखने और आकर्षक कार्यस्थल, कर्मचारी कल्याण और देखभाल और एक सार्थक, सहयोगी कर्मचारी अनुभव बनाने को मान्यता देता है। कर्मचारियों की ज़रूरतों को पहले रखना और रणनीतिक रूप से व्यावसायिक आवश्यकताओं के अनुरूप लोगों की प्रथाओं को अपनाना। प्रगतिशील लोगों की नीतियों और हस्तक्षेपों ने इसके कार्यबल को चुस्त और भविष्य के लिए तैयार रहने में मदद की है। निरंतर मूल्यांकन, केंद्रित शिक्षण और विकास पहल, पारदर्शी कैरियर विकास और उत्तराधिकार योजना प्रणाली के साथ समकालीन प्रदर्शन प्रबंधन प्रणाली की शुरूआत, प्रगतिशील और सहायक लोगों की नीतियों के अलावा एनटीपीसी के लिए अद्वितीय सक्षम और आकर्षक संस्कृति का निर्माण करने वाले कुछ कारक हैं।

### घरेलू गैस सिलेण्डर का अवैध रूप से भण्डारण कर बिकी करने पर कार्यवाही

**कोरबा** । थाना दर्री पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि सेमीपाली दर्री क्षेत्र में एक व्यक्ति द्वारा अपने घर में घरेलू सिलेण्डर का अवैध भण्डारण कर अवैध रूप से बिकी करता है।

इस संबंध में पुख्ता जानकारी प्राप्त होने पर वरिष्ठ अधिकारीगण अति पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक दर्री श्री रॉबिनसन गुड़िया से मागदर्शन प्राप्त कर थाना प्रभारी दर्री निरीक्षक चमन सिन्हा द्वारा थाना दर्री में पदस्थ उप निरी.श्रीमति रश्मि थॉमस, सउनि ललित जायसवाल, आरक्षक गजेन्द्र व अन्य स्टॉफ का टीम गठित कर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। उक्त टीम द्वारा दिनांक 12/10/2023 को मुखबीर के बताये हुए स्थान हाउसिंग बोर्ड सेमीपाली स्थित श्रीमति शीतल चंद्रा पति अशोक चंद्रा के मकान में दबिश दी गई। जिनके कब्जे से 09 नग लाल रंग का घरेलू उपयोग सिलेण्डर जिसमें 03 नग भरा हुआ एवं 06 नग खाली रखना पाया गया इन सिलेण्डरों के संबंध में पूछताछ करने पर श्रीमति शीतल चंद्रा द्वारा संतोषप्रद जवाब नहीं दिया गया और न ही कोई वैद्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया।

## यादव एकता मंच छत्तीसगढ़ ने रखी विधानसभा चुनाव 2023 में 10 टिकट की मांग

विधान सभा चुनाव 2023 की घोषणा हो चुकी, आचार संहिता राज्य में लागू हो गया

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर।



राजनीतिक दल में भाजपा कांग्रेस के उम्मीदवार की घोषणा हो रही है। कुछ सीटो में नाम तय हो चुके है। और संभावित नाम भी लगभग सामने आ चुके है। ऐसे में प्रमुख राजनीतिक पार्टी कांग्रेस भाजपा में तय और संभावित सूची के अनुसार दोनों पार्टी से तीन तीन नाम यादव समाज के सामने आए है।

जबकि राज्य में बहुसंख्यक जनसंख्या यादव समाज की है। लगभग पैतीस लाख से ज्यादा जनसंख्या यादव समाज की है। उस अनुपात में 90 विधानसभा के अनुसार 10 सीट यादव समाज को मिलना चाहिए। इसी समीकरण के अनुसार आगामी चुनाव हेतु यादव समाज राजनीतिक पार्टी से मांग करता है की अपने अपने पार्टी से 10 यादवों को टिकट देवे। इसके अलावा सरकार जिस किसी पार्टी की बनती है वह गौ सेवा आयोग अध्यक्ष और सदस्य यादव समाज को देवे। एवं बिहार की तर्ज पर जातिगत जनगणना छत्तीसगढ़ राज्य में किए जाने की मांग करती है। उक्त बैठक में यादव एकता मंच छत्तीसगढ़ के संयोजक, प्रदेश महासचिव राजा यादव, संरक्षक मनहरण यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष के पी यादव, जिलाध्यक्ष रामा शंकर यादव, इकाई अध्यक्ष संपत यादव, हीरा राम, गेंद राम,विकास यादव, युवराज, किशोर आदि सामाजिक साथी उपस्थित रहे।

## तीसरी आंख के पहरे पर नगर धरमजयगढ़, रहेगी हर एक पर पुलिस की कड़ी नजर

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



आगामी विधानसभ चुनाव व नगर की सुरक्षा के मद्देनजर धरमजयगढ़ पुलिस की अहम पहल देखी जा रही है नगर के मुख्य चौराहा गांधी चौक पर धरमजयगढ़ पुलिस प्रशासन द्वारा तीसरी आंख का पहरा लगाया जा रहा है। बता दें, धरमजयगढ़ नगर के मुख्य चौराहा गांधी चौक को पुलिस प्रशासन द्वारा स्थाई रूप से सीसी कैमरा से चौकस कर दिया गया है ताकि किसी भी तरह की आपराधिक गतिविधियों पर सहज तरीके से नजर रखी जा सके। गांधी चौक में लगे सीसी कैमरे से अब बहुत आसानी से घटना कारित वाहन चालक एवं वाहन का नम्बर पुलिस को मिल सकेगा। जिससे संबंधित पर क्राइम के मद्देनजर कार्यवाही की जाएगी मामले का खुलासा व कार्यवाही करने में आसानी होगी नि:संदेह इस पहल से क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर कहीं न कहीं विराम लगेगा। इस अच्छी पहल के दौरान धरमजयगढ़ थाना प्रभारी अमित तिवारी एवं थाना स्टॉफ मौजूद रहे।

## जुआरियों एवं सटोरियों के खिलाफ पुलिस ने की कार्रवाई

**रायपुर** । राजधानी पुलिस ने अभियान चलाकर जुआरी व सटोरियों के खिलाफ कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार खरोरा पुलिस ने ग्राम बीठीया में जुआ खेलते आरोपी सुनील साहू 46 वर्ष सहित अन्य 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 1500 रुपए जब्त किया है। वहीं गुढ़ियारी पुलिस ने भारत माता चौक के पास ऑनलाइन सट्टा खिलाते आरोपी पराधर साहू 38 वर्ष सहित अन्य 5 को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन लोगों के पास से 5 नग मोबाइल व नकदी 50 हजार रुपए जब्त किया है। इसी तरह नेवरा पुलिस ने ऑनलाइन सट्टा लिखते आरोपी मनोज सोनी 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

# कलेक्टर एसपी ने दलबल के साथ निकाला फ्लैग मार्च

स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान का दिया संदेश

जोहार छत्तीसगढ़-गरियाबंद।



निर्वाचन प्रक्रिया के मद्देनजर जिला निर्वाचन अधिकारी और कलेक्टर आकाश छिकारा और जिले के एसपी अमित तुकाराम काम्बले ने भारी पुलिस बल के साथ नगर में फ्लैग मार्च निकालकर स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान का संदेश दिया।वही लोगो को चुनाव के प्रति प्रशासन की गम्भीरता का एहसास दिलाया। 2 दिन पूर्व ही चुनाव आयोग ने निर्वाचन के लिये 7 नवम्बर 17नवम्बर की तारीख की घोषणा की है गरियाबंद के विन्द्रानवागढ़ और राजिम दोनों विधानसभा में 17 नवम्बर को चुनाव होना है जिसके लिये जिला। प्रशासन ने इसकी तैयारी पूरी कर ली है। कलेक्टर और एसपी ने संयुक्त रूप से कहां फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य निर्वाचन प्रक्रिया का जायजा लेना है और इस संबंध में प्रशासन लोगों के बीच निष्पक्ष और स्वतंत्र निर्वाचन के लिये अपनी कटिबध्दता का एहसास दिलाना भी है।

### सीमा पर प्रशासन की पैनी नजर

गरियाबंद जिला के राजिम और विन्द्रानवागढ़ विस का नौ क्षेत्र पड़ोसी राज्य के सीमा को छुता है।छग में चुनाव को देखते हुये आदर्श आचार संहिता लगा हुआ है। प्रशासन विन्द्रानवागढ़ के देवभोग ब्लाक के बरही, कैंटपदर सीनापाली,खुटगांव सीमा पर चेक पोस्ट लगाकर आने जाने वाहनो का सघन जांच पड़ताल कर रहा है। वही इस कार्य के लिये अलग अलग स्थैतिक निगरानी दल का गठन किया गया है जो रात दिन निगरानी कर रहा है। ताकि मतदान को बाधित करने वाला हथियार, नगदी रूपये और मादक द्रव्य का परिवहन ना हो सके। इस में एक-एक प्रभारी अधिकारी के अलावा नगर सैनिक कोटवार ड्यूटी पर तैनात किये गये है।



### नगर में लगे पोस्टर्स हटाये गये

आचार संहिता लगते ही जिला निवार्चन अधिकारी के निर्देश पर क्षेत्रभर में लगे राजनितिएसरकारी विज्ञापन के पोस्टर्स हटा दिये गये है। इस बात की तस्दीक करने कलेक्टर और एसपी ने फ्लैग मार्च निकाला। वही कलेक्टर ने बताया सभी बुथ केन्द्रों पर भी प्रशासन की नजर है।

# जिले में हो रही मवेशियों की मौत पर जिला प्रशासन मौन

पूरे जिले में मवेशी की मौत का आलम पसरा

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।



जिले में भगवान ही जाने की मवेशी की मौत पर जिला प्रशासन चुप्पी साधे बैठे रहते हैं कहने का तात्पर्य है कि पूरे जिले में रोड गौठान, ग्राम पंचायत, शहरी क्षेत्र या फि र तालाब के किनारे,नदी के किनारे, गौठन के किनारे यहां तक की अब यह भी आलम देखा जा रहा है कि कई सड़क जो घरों से लगे हुए हैं वहां पर भी मवेशी मृत अवस्था में दिख रहे हैं। क्या जिला प्रशासन सिर्फ आदेश निर्देश पर ही अमल करते हैं या फि र उसकी पूर्णत: तरीके से पालन करवाते हैं यह तो जिला प्रशासन की व्यथा ही जाने बलौदाबाजार जिले में देखा जा रहा है कि किसान सह सम्मेलन जो भाटापारा ब्लॉक के ग्राम सुमा में हुआ वहां पर भी मवेशी मृत पाए गए, ग्राम पंचायत सोनारदेवरी में भी मवेशी की मौत, वटगन ग्राम पंचायत में मवेशी की मौत,खैरा,ठेलकी,टीला,लव न से लगे हुए ग्राम कोरदा में भी गौठान में मवेशी की मौतए कसडोल के मल्दाए मकड़कड़ा और कई गांव पर मवेशी की मौत यहां तक की बलौदाबाजार भाटापारा बिलाईगढ़ मुख्य मार्ग पर भी दुर्घटनाग्रस्त होने से मवेशी की मौत रोड पर ही दिखाई दे रही है सभी बातों को ध्यान में रखकर क्या जिला प्रशासन एक्शन मोड़ में नजर आती है या नहीं मगर आज दिनांक पर देखा जा रहा है कि लगातार मवेशी की मौत का आलम पूरे जिले में पसरा हुआ है अब देखने वाली बात यहां होगी की खबर की प्रशासन के बाद क्या जिला प्रशासन इस पर क्या नियम नीति निर्देश पारित करते हैं या फि र मौन साधे बैठे रहते हैं खबर अभी बाकी है अगले अंक पर उच्च अधिकारियों का बयान लेकर के खबर पुन: प्रकाशित की जाएगी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in